



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026


## आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को दिए जाएंगे विद्यारंभ सर्टिफिकेट, इसके आधार पर स्कूलों में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले 3 से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश से पहले अब सर्टिफिकेट मिलेगा। यह सर्टिफिकेट विद्यारंभ नाम से रहेगा। इस सर्टिफिकेट से साबित होगा कि बच्चे प्ले स्कूल स्तर की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं और औपचारिक स्कूली शिक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। छत्तीसगढ़ राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं।

### नए साल में बदलाव, बच्चों की पढ़ाई होगी सुविधाजनक

#### पहली कक्षा की दाखिले में यह सर्टिफिकेट महत्वपूर्ण

विद्यारंभ सर्टिफिकेट बच्चों की सालाना गतिविधियों और उनकी शिक्षा का स्तर का आंकलन होगा। उसके बाद विद्यारंभ सर्टिफिकेट वितरित किया जाएगा। बच्चों के सरकारी व निजी स्कूलों में कक्षा पहली में प्रवेश में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बच्चे स्कूल के माहौल में आसानी से ढल सकें इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को प्री-स्कूल की तरह भाषा, पहचान, रंग, आकृतियां, सामाजिक व्यवहार जैसे गतिविधियां सिखाई जा रहीं हैं।



#### इसलिए शुरू किया है विद्यारंभ सर्टिफिकेट

महिला बाल विकास विभाग के दुर्ग जिला अधिकारी आरके जामुलकर ने बताया कि विद्यारंभ सर्टिफिकेट व्यवस्था का उद्देश्य बच्चों को शुरूआती उम्र में ही शिक्षित व आत्मविश्वासी बनाना है। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को कक्षा एक के लिए आवश्यक बुनियादी शिक्षा भी दी जा रही है। विद्यारंभ सर्टिफिकेट बच्चों की इस तैयारी को मान्यता देगा। इससे अभिभावकों में भी जागरूकता बढ़ेगी और बच्चे बिना किसी डर व झिझक के स्कूल में कदम रख पाएंगे। इस उद्देश्य से यह सर्टिफिकेट दिया जा रहा है। सर्टिफिकेट देने की विभाग की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। हमने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों से बच्चों की जानकारी मंगवाई है। ताकि बच्चों को विद्यारंभ सर्टिफिकेट बांट सकें।

#### 45 हजार बच्चों को मिलेगा विद्यारंभ सर्टिफिकेट

*दुर्ग जिले में 1513 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हो रहे हैं। इनमें 3 से 6 साल आयु वर्ग के करीब 45 हजार बच्चे हैं। इन बच्चों को ये प्रमाण पत्र बांटा जाना है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक सर्टिफिकेट छपाई का काम पूरा हो चुका है। इस प्रमाण पत्र में बच्चों का अपार आईडी नंबर भी दर्ज होगा। यानी की इन्हीं प्रमाण पत्र के आधार पर आगे इनकी स्कूलिंग होगी। वहीं इन प्रमाण पत्र में बच्चों के संदर्भ में विभिन्न जानकारियां होंगी। जैसे की बच्चों की सबसे ज्यादा रुचि किस क्षेत्र में है। साथ ही आंगनबाड़ी में उनकी गतिविधियां क्या क्या होतीं हैं। इस तरह की जानकारी दर्ज रहेगी।*

#### बच्चों को इस तरह दी जा रही है शिक्षा

*आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को मेरा शरीर, मैं और मेरे दोस्त, रिमझिम बारिश, पानी रे पानी, जानवरों की दुनिया, पेड़-पौधे - हमारे दोस्त, खाना-खजाना, आई ठंड, हवा, आओ करें सवारी, हमारे मददगार, गर्मी, छतरी अंबर, चांद सितारे, हमारे त्योहार जैसे संदर्भ पढ़ाए जा रहे हैं। केन्द्रों में किताबों को तीन भाग में बांटकर बच्चों की उम्र के हिसाब से पढ़ाया जा रहा है। उम्र के* ▶▶| शेष पेज 6 पर

## आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ी की एंट्री से बवाल, खेल मंत्रालय ने पल्ला झाड़ा

### कहा- इसका निर्णय सरकार नहीं, बीसीसीआई करेगा

*इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को मिनी-ऑक्शन में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदने के बाद से देशभर में बवाल मचा हुआ है। लोग इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि आखिर बांग्लादेशी खिलाड़ी आईपीएल खेलेगा या फिर उसके खेलने पर रोक लगेगी। इन सबके बीच अब खेल मंत्रालय ने भी यह स्पष्ट कर दिया है कि इस मामले में जो भी निर्णय लेना है वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को ही लेना है सरकार को नहीं। आईपीएल 2026 की शुरुआत 26 मार्च से होगी जबकि लीग का फाइनल मैच 31 मई को खेला जाएगा।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गौरतलब है कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा के बीच रहमान के आईपीएल में खेलने का विरोध हो रहा है। इसको लेकर न केवल राजनीतिज्ञ बल्कि धर्माचार्य, खेल प्रेमी और आम लोग भी तरह-तरह के बयानबाजी कर रहे हैं। ज्ञात हो कि बांग्लादेश में पिछले 13 दिन में 3 हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है जिसको लेकर भारत में बांग्लादेश के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है और शाहरुख खान की केकेआर टीम के बहिष्कार करने तक की बात ▶▶| शेष पेज 6 पर



#### हमें कोई दिशा-निर्देश नहीं मिला

इधर, बीसीसीआई ने बांग्लादेशी खिलाड़ियों के आईपीएल 2026 में खेलने को लेकर उठे विवाद पर कहा कि उन्हें सरकार से कोई ऐसी चिट्ठी नहीं मिली है जिसमें बांग्लादेशी खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलने से रोकने के लिए कहा गया हो। अधिकारी ने 'यह हमारे हाथ में नहीं है। बांग्लादेशी खिलाड़ियों को लीग में खेलने से रोकने को लेकर सरकार की ओर से कोई निर्देश नहीं मिला है। हम ज्यादा कुछ नहीं कह सकते।'

#### इमाम इलियासी बोले- शाहरुख देश से माफी मांगे

आईपीएल की केकेआर म में बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को शामिल किए जाने पर चल रहे विवाद विवाद के बीच अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम इमाम इल्यासी ने शाहरुख खान की माफी की मांग की है। इमाम ने कहा यह खेदजनक है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की जानकारी होने के बावजूद शाहरुख खान की ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### सिर्फ पाक टीम व खिलाड़ियों पर रोक : खेल मंत्रालय

*बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के मामले में खेल मंत्रालय ने कहा- भारत की स्पोर्ट्स पॉलिसी में बांग्लादेश के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज खेलने या बांग्लादेशी खिलाड़ियों के आईपीएल खेलने पर कोई रोक नहीं है। इस तरह की रोक सिर्फ पाकिस्तान की टीम और उसके खिलाड़ियों के ऊपर ही है। मुस्तफिजुर आईपीएल 2026 में खेलेंगे या नहीं इस पर फैसला बीसीसीआई को लेना है, सरकार को नहीं।*

### ईडी और ईओब्ल्यू की गिरफ्तारी को दी थी चुनौती

## पांच माह से जेल में बंद पूर्व सीएम के पुत्र चैतन्य को बड़ी राहत, मिली बेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को हाईकोर्ट बड़ी राहत मिल है। पांच माह से जेल में बंद चैतन्य को जमानत मिल गई। इससे पहले जमानत याचिका पर बहस पूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। यह राहत उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और छत्तीसगढ़ एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी और ईओडब्ल्यू) की ओर से दर्ज केसों में मिली है। ध्यान रहे कि ईडी ने चैतन्य बघेल को पिछले साल जुलाई 2025 में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था, जबकि भ्रष्टाचार के मामले में सितंबर में एसीबी ने उन्हें तब गिरफ्तार किया जब वे पहले से ही जेल में थे। जांच एजेंसियों के ▶▶| शेष पेज 6 पर



#### अपराध सिर्फ यही कि पूर्व सीएम के बेटे हैं

*अपनी जमानत याचिका में चैतन्य बघेल की ओर से पेश एडवोकेट फैजल रिजवी ने कोर्ट को बताया कि पप्पू बंसल के बयान को आधार मानते हुए चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी की गई है, जो सही नहीं है। पप्पू बंसल के खिलाफ गैर जमानती वारंट है और वह बाहर घूम रहे हैं। इसलिए किसके दबाव में उन्होंने इस तरह का बयान दिया है यह आप समझ सकते हैं। याचिका में कहा गया कि 2022 से शराब घोटाले मामले में जांच चल रही है, और तीन साल बाद चैतन्य बघेल की* ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### घोटाले का पैसा चैतन्य तक पहुंचा

कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी के वकील सौरभ पाण्डेय ने बताया कि शराब घोटाले की जो जांच चल रही है उसमें सामने आया है कि चैतन्य बघेल ने बहुत सारे पैसे की लेयरिंग की है । 1000 करोड़ का लेनदेन किया है। इसके साथ ही पप्पू बंसल ने अपने बयान में खुलासा किया है कि शराब के घोटालों के पैसों को चैनलाइज्ड करके ▶▶| शेष पेज6 पर

### खबर संक्षेप

#### श्रीलंका ने 11 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 11 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है और उनकी एक नौका भी जब्त की गई है। श्रीलंका नौसेना के प्रवक्ता कमांडर बुद्धिका संपत ने बताया कि मछुआरों को उत्तरी प्रांत में कंकेसंथुरई के उत्तर में बृहस्पतिवार देर रात को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, "वे क्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ रहे थे और क्षेत्र छोड़ने की चेतावनी दिए जाने के बावजूद मछली पकड़ना जारी रखा।

#### हवाई अड्डे पर दो तस्करों से 21 करोड़ की कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क विभाग ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो यात्रियों के पास से लगभग 21 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन जब्त कर उन्हें गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को 31 दिसंबर को बैंकॉक से आने के बाद रोका गया। काले रंग के दो ट्रॉली बैग की जांच के दौरान अधिकारियों को उनके भीतर छिपाकर रखे गए पॉलीथीन बैग मिले ।

### ग्रामीण को कर रहा था परेशान

## एसडीएम के बाबू ने मांगी रिश्वत, एक लाख नकद के साथ एसीबी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले के धरमजयगढ़ एसडीएम कार्यालय में पदस्थ बाबू अनिल कुमार चेलक को बिलासपुर एसीबी की टीम ने एक लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी एक ग्रामीण की जमीन से जुड़ी शिकायत को रफा दफा करने के बदले 2 लाख की मांग कर रहा था।

मिली जानकारी के अनुसारए सौदे की पहली किस्त के रूप में जैसे ही आरोपी ने 1 लाख लिया एसीबी के अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने रकम को अपने आवास के पीछे फेंकने की कोशिश की, लेकिन सतर्क एसीबी की टीम ने तुरंत पैसे बरामद कर लिया। एसीबी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व एसीबी डीएसपी अजितेश सिंह की टीम ने किया। नए साल में हुई इस ट्रैप कार्रवाई ने सरकारी दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है।



#### रिश्वत खोरी के मामले में टॉप पर रायगढ़

एसीबी बिलासपुर से मिली जानकारी अनुसार बीते साल 2025 में एसीबी की टीम ने करीब दर्जन भर सरकारी अधिकारी- कर्मचारियों को रिश्वत लेते पकड़ा था। याने प्रदेश भर में रायगढ़ जिला ही है एक ऐसा जिला है जहां सबसे अधिक एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने की कार्रवाई की है। याने रिश्वतखोरी के मामले में रायगढ़ टॉप पर है।

## इंदौर में जहरीले पानी से मौतें, दो अफसरों पर गिरी गाज

**इंदौर।** इंदौर में दूषित पानी से 15 मौतों के मामले में नगर निगम कमिश्नर दिलीप यादव और एडिशनल कमिश्नर रोहित सिसोनिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एडिशनल कमिश्नर सिसोनिया को इंदौर से हटा दिया गया है। इंचार्ज सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर संजीव श्रीवास्तव से जल वितरण कार्य विभाग का प्रभार वापस ले लिया है। गौरतलब है कि इससे पहले, मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी स्टेटस रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश कर दी, इसमें दूषित पानी से सिर्फ 4 मौत होने की बात कही है। वहीं मृतकों के परिजन और अस्पतालों के जरिए 15 मौतों की जानकारी सामने आ रही है। इन रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी को उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। कुछ को बुखार भी था। इनमें 5 महीने के मासूम बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 6 जनवरी तय की है। वहीं इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### प्रयागराज में आज से प्रारम्भ हो रहा माघ मेला

## 'मेला रेल सेवा ऐप' देगा ट्रेन से लेकर मेडिकल हेल्प तक की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 3 जनवरी से माघ मेला 2026 की शुरुआत हो रही है, जो 15 फरवरी तक चलेगा.पिछले साल महाकुंभ 2025 की तरह इस बार भी रेलवे ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की हैं। मेला रेल सेवा–2026 पोर्टल उत्तर मध्य रेलवे की ओर से बनाया गया है। इसमें यात्रियों को घर बैठे ही सभी जानकारियां मिल जाएंगी। इसके अलावा रेलवे ने मेला के दौरान कई विशेष ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। प्रयागराज जंक्शन, रामबाग, झूसी सहित 9 स्टेशनों से स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। कुछ ट्रेनों का अस्थाई ठहराव ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### कुंभ में भी शुरू किया गया था ऐप

बता दें कि इससे पहले महाकुंभ के लिए भी रेलवे ने इसी तरह का 'कुंभ रेल सेवा' ऐप और पोर्टल की सुविधा उपलब्ध कराई थी। अब माघ मेला के लिए इसे अपडेट करके 'मेला रेल सेवा–2026' नाम दिया गया है।



#### इस ऐप से क्या-क्या मिलेगी जानकारी

*ट्रेन जानकारीः मेला स्पेशल ट्रेनों का शेड्यूल, स्टॉपेज, उपलब्ध सीटें और टिकट बुकिंग की सुविधा। यात्री सुविधाएंः स्टेशनों पर विश्राम गृह, वेटिंग रूम, पानी, शौचालय और अन्य व्यवस्थाएं। मेडिकल सहायताः मेला क्षेत्र और स्टेशनों पर उपलब्ध डॉक्टर, एम्बुलेंस और हेल्पलाइन नंबर। स्टेशन गाइडः प्रयागराज के सभी स्टेशनों का नक्शा, प्रवेश द्वार, टिकट काउंटर और मेला क्षेत्र तक पहुंचने का रास्ता।*

#### माघ मेला प्रयागराज

- मेला प्रारंभ - 3 जनवरी शनिवार।
- मेला समापन - 15 फरवरी रविवार।
- कुल अवधि - 44 दिन।
- स्थान - त्रिवेणी संगम, प्रयागराज

#### माघ मेला 2026 प्रमुख स्नान तिथियां

पौष पूर्णिमा स्नान - 3 जनवरी। मकर संक्रांति स्नान - 14 जनवरी। मौनी अमावस्या स्नान - 18 जनवरी। बसंत पंचमी स्नान - 23 जनवरी। माघी पूर्णिमा स्नान - 1 फरवरी। महाशिवरात्रि स्नान - 15 फरवरी 2026।






प्रदेशभर के छोटे और बड़े बिजली के उपभोक्ताओं पर तीन हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया हो गया है। आमतौर पर बकाएदारों की बिजली कट करने के लिए पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को उपभोक्ताओं के घरों तक जाना पड़ता है। ऐसे में बिजली कनेक्शन काटने पर विवाद हो जाता है, लेकिन अब प्रदेशभर में लग रहे स्मार्ट मीटरों के कारण बकाएदारों को स्मार्ट करंट लग रहा है। यानी जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लग गए हैं, उनके कनेक्शन आसानी से राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी से ही कट हो जा रहे हैं।

# बकाएदारों को स्मार्ट करंट, अब एक क्लिक पर बिजली कट

## गुढ़ियारी के कंट्रोल रूम से ही प्रदेश में किसी भी स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता की बिजली बंद करने की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अब प्रदेश के किसी भी शहर या गांव के किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन कंट्रोल रूम के एक क्लिक पर कट हो जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस समय प्रदेश भर में बिजली के बकाएदारों के खिलाफ अभियान चला रखा है। राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के हर शहर में बकाएदारों के कनेक्शन कट किए जा रहे हैं। प्रदेश भर में दस लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिन पर बकाया है। 20 हजार या इससे ज्यादा के बकाएदारों की संख्या ही दस लाख के करीब है। इन पर ही करीब ढाई हजार करोड़ का बकाया है। इसी के साथ एक लाख से ज्यादा के बकाएदारों की संख्या छह हजार से ज्यादा है। कुल मिलाकर आम उपभोक्ता पर ही तीन हजार करोड़ का बकाया है।




### बिना घर तक गए बिजली कट

एक वह समय था जब किसी भी बिजली के बकाएदार का कनेक्शन कट करने के लिए उनके घरों तक जाना पड़ता था। ऐसे में जब बिजली विभाग के कर्मचारी बिजली कट करने पहुंचते थे तो कई बार विवाद हो जाता था, कई बार तो झगड़ा-लड़ाई तक की नौबात आई है, लेकिन अब स्मार्ट मीटर लगने के कारण इन विवादों से बचने का रास्ता मिल गया है। प्रदेश में इस समय करीब 60 फीसदी उपभोक्ताओं के मीटर स्मार्ट हो गए हैं। ऐसे मे अब बकाएदारों की बिजली कंट्रोल रूम से ही कट हो रही है।

### भुगतान होते ही तत्काल कनेक्शन वापस जोड़ रहे

जिन बकाएदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन कंट्रोल रूम से कट किए जा रहे हैं, उनके भुगतान करने पर तत्काल कनेक्शन वापस भी जोड़ा जा रहा है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि नेट बैंकिंग से या फिर डीसी सेंटर के एटीपी सेंटर में भुगतान करने पर तो तत्काल कनेक्शन जुड़ ही रहे हैं, साथ ही यूपीआई के माध्यम से किसी भी एप से भुगतान करने पर भुगतान होने की जानकारी वाट्सएप पर देने पर भी उपभोक्ताओं के कनेक्शन तत्काल जोड़े जा रहे हैं ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। जल्द ही पॉवर कंपनी यह व्यवस्था भी कर रही है कि यूपीआई से भुगतान होने पर उपभोक्ताओं को जानकारी देने की जरूरत ही न पड़े और उनके कनेक्शन वापस जुड़ जाए।

---

## खबर संक्षेप

### यूसीमास छात्र 8 मिनट में 200 प्रश्न हल कर जीतेंगे अबैकस स्पर्धा

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य एवं नागपुर क्षेत्र के लिए यूसीमास की मास्टर फ्रैंचाइजी अबैकस टैलेंट एलएलपी द्वारा 12वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय यूसीमास अबैकस एवं मेंटल एरिथमेटिक प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 4 जनवरी को किया जा रहा है। प्रतियोगिता तथा पुरस्कार वितरण समारोह दोनों ही महर्षि वाल्मीकि उत्सव मंडप, श्री राम मंदिर, वीआईपी चौक रायपुर में आयोजित होंगे। गौरतलब है कि अबैकस बच्चों के मस्तिष्क विकास के लिए एक विशेष उपकरण है। आयोजकों के मुताबिक छत्तीसगढ़ से 5-13 वर्ष आयुवर्ग के लगभग एक हजार स्कूली विद्यार्थी इस विशाल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। शहर में इस तरह की यह सबसे बड़ी प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता को विजुअल, लिसनिंग तथा फ्लैश प्रतियोगिताओं में विभाजित किया गया है। तीनों प्रकार की प्रतियोगिताओं में छात्र अबैकस की मदद से गणितीय प्रश्नों को हल करेंगे।

### मंत्री की निष्क्रियता पर सवाल उठाना समाज के गौरव पर हमला नहीं

रायपुर। बिलासपुर के लिंगियाडीह की सभा में डिप्टी सीएम अरुण साव की कार्यशैली को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान को जातिगत रंग देने के प्रयास की कड़ी निंदा करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री डॉ. अजय साहू ने कहा है कि वर्तमान सरकार के एक जिम्मेदार उपमुख्यमंत्री, जो पीडब्ल्यूडी विभाग के मंत्री भी हैं, उनके द्वारा किए जा रहे दावे और बिलासपुर की राजनीति में उनकी सक्रियता की नौटंकी से जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। इसी संदर्भ में प्रचलित बंदर की कहानी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुनाई, यह बयान किसी जाति, धर्म, संप्रदाय या संस्थान के खिलाफ कदापि नहीं है। मंत्री की अक्षमता छुपाने के लिए इस तरह से समाज का आड़ लेकर जवाबदेही से बचने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

### सभी जिलों के शिक्षा अधिकारी बताएंगे-कितने शौचालय बनवाए

**रायपुर**। सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों को यह बताना होगा कि उन्होंने मौजूदा सत्र में कितने शौचालय बनवाए हैं तथा कितने शौचालयों की मरम्मत करवाई है? इसके अलावा छात्रों के मानसिक स्थिति सुधारने उनके द्वारा किस तरह की कोशिशें की गई और इस संदर्भ में कितने बैठक उन्होंने लिए, इसकी भी जानकारी देनी होगी। लोक शिक्षण संचालनालय 5 जनवरी को प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक आयोजित करेगा। इस बैठक के तय बिंदु जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित कर दिए गए हैं। डीपीआई ने जारी किए गए आदेश में कहा है, विभागीय समीक्षा बैठकमें सभी संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयकों की उपस्थिति अनिवार्य है। एजेंडा की जानकारी 3 जनवरी तक समन्वय कक्ष को उपलब्ध कराने कहा गया है। छात्रवृत्ति पोर्टल में कितने छात्रों का पंजीयन किया गया, इस विषय में भी विस्तार से जानकारी देनी होगी।

---

# हाईकोर्ट में अब जनहित याचिका के साथ 15 हजार की सुरक्षा राशि जमा करना जरूरी

### सुनवाई के पश्चात जनहित में सिद्ध होने पर सुरक्षा राशि वापस की जा सकती

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में विभिन्न मामलों पर जनहित याचिका लगाने वालों के लिए अब याचिका के साथ 15 हजार रुपए की सुरक्षा राशि जमा करना जरूरी हो गया है। इस संबंध में इस धनराशि को कम करने का आवेदन हाईकोर्ट की खंडपीठ ने स्वीकार नहीं किया। ध्यान रहे कि इससे पूर्व में यह सुरक्षा राशि 5000 हुआ करती थी जिसे कुछ समय पूर्व हाईकोर्ट में संशोधित करके 15000 कर दिया है।

शुक्रवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की खंडपीठ में कोरबा के लक्ष्मी चौहान, अरुण श्रीवास्तव एवं सपूरन दास की ओर से कोरबा जिला डीएफ फंड में अनियमितता से संबंधित जनहित याचिका की सुनवाई हुई। इस दौरान 15 हजार रुपए की धनराशि को माफ करने या इस कम किए जाने का आवेदन खंड पीठ ने स्वीकार नहीं किया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव और सुदीप वर्मा ने कहा कि पूर्व में यह



धनराशि 5000 होती थी और अब इसे तीन गुना बढ़ा दिया गया है। इसलिए इसे कम कर दिया जाए। इस मांग पर खंडपीठ ने असहमति जताई।

**तो याचिका स्वमेव रद्द मानी जाएगी**

याचिका कर्ता की ओर से यह भी निवेदन किया गया कि यदि बाद में हाईकोर्ट को लगता है कि याचिका गलत विषय पर या गलत तरीके से लगाई गई थी तो याचिकाकर्ताओं पर जुर्माना लगाया जा सकता है, इसलिए प्रारंभ मे इतनी बड़ी धनराशि जमा करने में छूट दी जाए। हाईकोर्ट ने इसे भी स्वीकार नहीं किया और कहा कि गंभीर विषय पर जनहित याचिका लगाने वाले लोगों को 15 हजार रुपए जमा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। खंडपीठ ने कहा कि यदि सुनवाई के बाद उन्हें लगेगा की याचिका वास्तव में जनहित के लिए थी तो यह धनराशि वापस की जा सकती है।

### कोरबा जिला डीएमएफ फंड अनियमितता संबंधित जनहित याचिका पर निर्देश

सुनवाई के बाद अपने आदेश में खंडपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता अगले शुक्रवार तक यह 15 हजार रुपए की धन राशि जमा करें और उसके बाद 12 जनवरी सोमवार को इस जनहित याचिका पर सुनवाई की जाएगी। अगर यह धनराशि याचिका कर्ता जमा नहीं करते हैं तो याचिका स्वमेव रद्द मानी जाएगी।

### यह है पूरा मामला

ध्यान रहे कि प्रस्तुत जनहित याचिका में कोरबा डीएमएफ फंड के तहत पिछले 10 सालों में 4000 करोड रुपए के उपयोग के पूर्व डीएमएफ नियमों और अन्य गाइडलाइन में उल्लंघन की बात कही गई है। याचिका में इस फंड के द्वारा लगाई जा रही नौकरियों में प्रभावित व्यक्तियों को मौका नहीं दिए जाने बिना सोचे समझे मनमाने तरीके से बिल्डिंगों में पैसा खर्च करने और कई प्रभावितों को लाभ नहीं देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

# सीजी पीएससी में सीबीआई ने कोर्ट में पेश किया फाइनल चालान

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

सीजीपीएससी घोटाला में शुक्रवार को सीबीआई ने स्पेशल कोर्ट में करीब चार सौ पन्नों की फाइनल चार्जशीट पेश कर दी है। घोटाला में तत्कालीन सीजी पीएससी के अध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक सहित 13 आरोपी बनाए गए हैं। चार्जशीट में आखिरी में उत्कर्ष चंद्राकर को भी सीबीआई ने आरोपी बनाया है। परीक्षा में शामिल होने वाले 29 परिक्षार्थियों को सीबीआई ने गवाह बनाया है। चार्जशीट पेश होने के बाद मामले की सुनवाई में तेजी आएगी। साथ ही कोर्ट के फैसले के बाद घोटाले को लेकर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

कोर्ट में पेश चार्जशीट के अनुसार घोटाला करने सीजीपीएससी के अध्यक्ष तथा अन्य ने बारनवापारा को परीक्षा केंद्र बनाया था। बारनवापारा में रिसोर्ट की व्यवस्था उत्कर्ष चंद्राकर द्वारा किए जाने का चालान में उल्लेख है। सीजीपीएसपी भर्ती घोटाला में सीबीआई ने सीजीपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सोनवानी, उद्योगपति श्रवण कुमार गोयल, तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव, परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, टामन का भतीजा नितेश सोनवानी, शशांक गोयल, भूमिका कटारिया, साहिल सोनवानी, एक्जाम कंट्रोलर ललित गणवीर, मीशा कोसले, दीप आदिल तथा साहिल सोनवानी के नाम शामिल हैं।

### यह है पूरा मामला

सीजीपीएससी परीक्षा भर्ती घोटाला 2020 से 2022 के बीच हुई भर्ती प्रक्रियाओं से जुड़ा है। आरोप है कि आयोग की परीक्षाओं और इंटरव्यू में पारदर्शिता को दरकिनार कर राजनीतिक और प्रशासनिक रसूख वाले परिवारों के उम्मीदवारों को उच्च पदों पर चयनित किया गया। इस दौरान योग्य अभ्यर्थियों की अनदेखी कर डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और अन्य राजपत्रित पदों पर अपने नजदीकी लोगों को पद दिलवाने का खेल हुआ। प्रदेश सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंपी सीजीपीएससी परीक्षा 2021 में 171 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। प्री-एग्जाम 13 फरवरी 2022 को कराया गया।

# पटवारी से आरआई पदोन्नति परीक्षा निरस्त, नए सिरे लेने की छूट

### हाईकोर्ट ने परीक्षा की प्रक्रिया को दूषित और कदाचरण के घेरे में पाया

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में पटवारी से राजस्व निरीक्षक के पद पर आयोजित पदोन्नति परीक्षा को निष्पक्षता के अभाव में निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने चयन प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद और पक्षपात के संकेत मिलने की बात कही है। इस फैसले के बाद 216 पटवारियों को दी गई पदोन्नति स्वतः समाप्त हो जाएगी। जस्टिस एनके व्यास ने अपने फैसले में कहा है कि पदोन्नति परीक्षा प्रणाली दूषित थी और चयन प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्ष नहीं थी। कोर्ट ने माना कि परीक्षा और चयन प्रक्रिया में गंभीर खामियां थीं, जिनसे परीक्षा की विश्वसनीयता और पवित्रता पर सवाल खड़े होते हैं।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि उपलब्ध रिकॉर्ड और याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से यह स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि चयन प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद, कदाचरण और पक्षपात किया गया। कोर्ट ने माना कि परीक्षा न तो समान अवसर के सिद्धांत पर आधारित थी और न ही यह प्रशासनिक पदोन्नति के मानकों पर खरी उतरती है। कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि राजस्व निरीक्षक का पद एक प्रोफेशनल और जिम्मेदारीपूर्ण पद है, जहां पारदर्शिता और योग्यता सर्वोपरि होनी चाहिए। यदि पदोन्नति की प्रक्रिया ही संदेह के घेरे में हो, तो ऐसे चयन को वैध नहीं माना जा सकता।

### प्रक्रिया ही दूषित, ट्रेनिंग पर नहीं भेजने के निर्देश

कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा है कि जब पदोन्नति परीक्षा ही कदाचरण के घेरे में है और दूषित है तब पटवारी से पदोन्नति प्राप्त राजस्व निरीक्षकों को प्रशिक्षण पर भेजने का प्रश्न ही नहीं उठता। हाईकोर्ट ने राज्य शासन को छूट दी है कि वह पटवारी से राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति के लिए नई परीक्षा आयोजित कर सकता है। कोर्ट ने साफ कहा कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में ऐसी किसी भी चयन प्रक्रिया में परीक्षा की पवित्रता और निष्पक्षता से कोई समझौता न हो। योग्य उम्मीदवारों को अवसर मिले और किसी भी प्रकार का पक्षपात या अनुचित लाभ न दिया जाए।

### आरक्षक भर्ती में गड़बड़ी, 10 याचिकाएं दायर

बिलासपुर। पुलिस बल आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए दायर 10 याचिकाओं पर हाईकोर्ट ने शासन से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। उम्मीदवारों की ओर से एडवोकेट गगन पांडे ने पैरवी की है। गौरतलब है कि इन उम्मीदवारों द्वारा 12 दिसंबर को जारी परिणाम पर सवाल उठाते हुए याचिकाएं दायर की गई हैं। इसमें कहा गया था कि चयन/प्रतीक्षा सूची में अभ्यर्थियों द्वारा अर्जित प्राप्तांकों का उल्लेख नहीं किया गया था। बाद में 14 दिसंबर को फिर से लिस्ट जारी की गई। इसके साथ ही एक ही अभ्यर्थी का कई जिलों में चयन होने और कम प्राप्तांक पाने वाले अभ्यर्थियों का चयन होने का आरोप लगाया गया है।

# बस्तर पंडुम सिर्फ एक उत्सव नहीं बल्कि बस्तर की है आत्मा : साय

## बस्तर की कला, संस्कृति और परंपराओं को समर्पित बस्तर पंडुम का लोगो, थीम गीत का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

बस्तर अंचल की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, कला, लोकपरंपराओं और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का आयोजन वर्ष 2026 में भी गत वर्ष की भांति भव्य और आकर्षक रूप में किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मां दंतेश्वरी के आशीर्वाद के साथ मंदिर प्रांगण में बस्तर पंडुम का लोगो, थीम गीत का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर पंडुम, बस्तर की असली आत्मा और सांस्कृतिक विरासत का सशक्त मंच है। बस्तर पंडुम सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि बस्तर की आत्मा है। छत्तीसगढ़ की असली पहचान हमारी आदिवासी परंपराओं में है। हम नृत्य, गीत, शिल्प, व्यंजन, वन-औषधि और देवगुड़ियों के जरिए इन परम्पराओं और संस्कृति को जीते हैं। पिछले साल हमने बस्तर पंडुम की शुरुआत की थी। तब समापन अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आए थे। हम राष्ट्रपति, केंद्रीय गृह मंत्री समेत विभिन्न देशों के राजदूतों को आमंत्रित कर रहे हैं।




### लाल आतंक समाप्त हो कर रहेगाः डिप्टी सीएम

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पंडुम का मतलब होता है पर्व, बस्तर में खुशियों को बढ़ाने के समय-समय पर विभिन्न पर्व पंडुम मनाते हैं। किसी भी पर्व की शुरुआत माता के आशीर्वाद से करने की परंपरा है। इसी तारतम्य में बस्तर पंडुम की शुरुआत मां दंतेश्वरी के मंदिर परिसर से किया जा रहा है। पचास सालों का बस्तर बदल रहा है। बस्तर में शांति का प्रयास अब सफल हो रहा है मार्च 2026 तक लाल आतंक समाप्त हो कर रहेगा।

### श्री राम ने दंडकारण्य में समय गुजाराः वन मंत्री

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर की कला, संस्कृति, परंपरा गर्व का विषय है। इस समृद्ध संस्कृति और पहचान को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास बस्तर पंडुम के माध्यम से किया जा रहा है। पौराणिक काल में भगवान श्री राम ने वनवास के दौरान दंडकारण्य क्षेत्र में समय गुजारा है। ऐसे क्षेत्र में सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित करने की पहल सरकार ने की है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद मिलेगा प्रदेश भाजपा को नया प्रभारी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद अब छत्तीसगढ़ के प्रदेश भाजपा संगठन को नया प्रदेश प्रभारी मिलना लगभग तय हो गया है। इस माह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही नए प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति होने की संभावना है। इसका जिम्मा किसे दिया जाएगा, इसको लेकर प्रदेश भाजपा संगठन के नेताओं के पास कोई जानकारी नहीं है। इनका कहना है, जो भी होगा राष्ट्रीय संगठन तय करेगा। एक बात तय मानी जा रही है कि किसी ऐसे नेता को प्रदेश का प्रभारी बनाया जाएगा जो 2028 में होने वाले विधानसभा के चुनाव में भी अहम भूमिका निभा सके।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार लाने के पीछे जहां भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर का बड़ा हाथ रहा, वहीं सह प्रभारी के रूप में चुनाव के समय में काम करने वाले नितिन नवीन का भी अहम रोल रहा। विधानसभा चुनाव के बाद नितिन नवीन को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बना दिया गया था। उनके नेतृत्व में यहां पर लोकसभा के चुनावों के बाद नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव हुए तो इसमें भाजपा को बड़ी सफलता मिली। अब श्री नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया है तो यह माना जा रहा है कि उनके स्थान पर छत्तीसगढ़ में प्रदेश प्रभारी का जिम्मा किसी दूसरे नेता को दिया जाएगा। अब ये दूसरे नेता कौन होंगे, इसका फैसला तो राष्ट्रीय संगठन ही करेगा। इस माह 20 जनवरी से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होने की संभावना है। इस चुनाव में छत्तीसगढ़ की अहम भूमिका होगी। छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी प्रस्वातक और समर्थक बनेंगे। नितिन नवीन को ही पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद भाजपा का राष्ट्रीय संगठन कई राज्यों के प्रदेश प्रभारी तय करेगा तो उसी के साथ छत्तीसगढ़ का भी नया प्रदेश प्रभारी तय होगा।

# फाइनेंस घोटाले में फंसाकर बनाया कर्जदार मामले की जांच करवाने पीड़ित ने की मांग

### फाइनेंस घोटाले में फंसाकर बनाया कर्जदार, मामले की जांच करवाने पीड़ित ने की मांग

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में माइक्रो फाइनेंस संस्थानों की कार्य प्रणाली पर एक पीड़ित ने गंभीर सवाल उठाए हैं। सक्ती जिले के डभरा तहसील अंतर्गत ग्राम कटौद निवासी उपेंद्र नाथ चंद्रा ने न्याय के लिए गुहार लगाते हुए मामले की जांच करवाने की मांग दोहराई। स्वसहाय मल्टी स्टेट एग्रो को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड और उससे जुड़े अधिकारियों पर भी संगठित आर्थिक अपराध, फर्जी लोन, दस्तावेजों में हेराफेरी और कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मेरी स्थिति अब ऐसी हो गई है कि पत्नी और बच्चों को लेकर दर-दर भटकना पड़ रहा है।

मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पीड़ित ने पत्रकार वार्ता में बताया कि वर्ष 2021 से 2024 तक माइक्रो फाइनेंस संस्था में विभिन्न जिलों में कार्यरत रहा। इसमें पता चला कि संस्था का पंजीयन और संचालन अलग-अलग नाम से किया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने के बाद भी न तो लाइसेंसिंग एजेंसियों द्वारा ऑडिट किया जाता है और ना ही शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। उपेंद्र चंद्रा का आरोप है कि संस्था द्वारा पहले अवैध रूप से लाखों रुपए का लेन-देन किया गया, फिर फर्जी दस्तावेज तैयार करके कर्मचारियों को थानों और न्यायालयों में फंसाया गया। संस्था ने 150 से अधिक कर्मचारियों को मामले में उलझाया, जबकि कुछ जिलों में कर्मचारियों की गिरफ्तारी भी हुई। उन्होंने बताया कि शिकायत देने के बाद भी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई, बल्कि मुझ पर ही दबाव बनाया गया।

### किसी एजेंसी ने मामले में नहीं की जांच

इस मामले में उत्पीड़न का सिलसिला यहीं नहीं रुका। मेरे पैतृक गांव में जमीन विवाद के दौरान मारपीट, धमकी और घर जलाने का आरोप लगाया है। आगे बताया कि कई स्तरों पर शिकायत, मेल और आवेदन देने के बाद भी न तो आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा और न ही स्थानीय पुलिस ने निष्पक्ष जांच की। पीड़ित ने उच्च स्तरीय जांच, दोषी संस्थानों का लाइसेंस रद्द करने, जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर करने और पीड़ित कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए मांग की है।

**बीएड की 10 और डीएलएड की 4 सीटें ही रिक्त**


# चार माह मशक्कत के बाद भरी बीएड-डीएलएड सीटें देर से आने वाले छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चार माह की मशक्कत के बाद प्रदेश में बीएड और डीएलएड की सीटें लगभग भर गई हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, बीएड की 10 और डीएलएड की 4 सीटें ही रिक्त रह गई हैं। इसके अलावा प्रदेशभर के महाविद्यालयों की सीटें भर गई हैं। प्रदेश में बीएड की 14,400 और डीएलएड की 6,700 सीटें हैं। इन सीटों में प्रवेश के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा सितंबर माह से पंजीयन प्रारंभ कर काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अंतर्गत नवंबर अंत तक चली काउंसिलिंग के बाद बीएड की 280 सीटें खाली रह गई थीं। डीएलएड की भी कुछ सीटें रिक्त थीं। काउंसिलिंग समाप्त होने के बाद रिक्त सीटों की स्थिति को देखते हुए दोबार कांउसिलिंग प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस बाद विद्यार्थियों को विकल्प नहीं दिया गया था। उन्हें किसी एक ही महाविद्यालय का चुनाव करना था।

### अपने स्तर पर व्यवस्था करेंगे महाविद्यालय

बीएड की परीक्षाएं सामान्यतः मार्च-अप्रैल माह में आयोजित की जाती हैं। ऐसे जिन विद्यार्थियों ने अंतिम चरण में प्रवेश लिया है, उनके पास वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए कुछ ही दिन शेष हैं। ऐसे में इन छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी, ताकि वे शुरुआती माह में प्रवेश प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों के समकक्ष आ सकें। महाविद्यालय अपने स्तर पर इसकी व्यवस्था करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासकीय महाविद्यालयों की सीटें शुरुआती चरणों में ही भर गई थीं। दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित निजी महाविद्यालयों की सीटें ही अंतिम चरण में भरी गईं।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


# स्टेट कैपिटल रीजन के सेटअप को मंजूरी, अब बनेगा बोर्ड, सीएम अध्यक्ष, चार मंत्री भी होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के स्टेट कैपिटल रीजन यानी (एससीआर) के 210 पदों के सेटअप को राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही अब नया राजधानी क्षेत्र के विकास का पहला दरवाजा खुल गया है। सेटअप की मंजूरी के बाद अब बोर्ड का गठन किया जाएगा। ▶▶|शेष पेज 6 पर

- सीएसआर अब लेगा तेजी से आकार, नए बजट में बड़े प्रावधान संभावित
- चार निगम सहित 23 निकाय और 700 गांव होंगे शामिल



### अब एससीआर का कामकाज होगा तेज

बताया गया है कि सेटअप को मंजूरी मिलने के साथ ही एससीआर के कामकाज में तेजी आएगी। दरअसल एससीआर गठन की प्रक्रिया के अलग-अलग दौर में कई तरह के काम किए गए हैं। इसमें सेटअप बनाने से लेकर विधि विभाग से परामर्श आदि भी शामिल है। इसी क्रम में अब एससीआर बोर्ड का गठन किया जाएगा। बताया गया है कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित होने वाले इस बोर्ड में सरकार के चार मंत्री शामिल हो सकते है। बोर्ड की संरचना में मुख्यमंत्री (चेयरपर्सन), शहरी प्रशासन, पीडब्ल्यूडी, पर्यावरण मंत्री, राज्य सचिव और स्थानीय प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

### 4 निगम सहित 23 निकाय होंगे हिस्सा

एससीआर में रायपुर, नवा रायपुर और दुर्ग-भिलाई को शामिल किया गया है। कुल 4 नगर निगम और 23 नगरीय निकाय इसका हिस्सा होंगे। अधिकारियों का अनुमान है कि कैपिटल रीजन की जनसंख्या 2031 तक 50 लाख तक पहुंच सकती है। यह क्षेत्र शहर नियोजन, निवेश, भूमि उपयोग, पर्यावरण संरक्षण और विकास गतिविधियों के समन्वय का केंद्र होगा। इसके लिए कैपिटल रीजन डेवलपमेंट फंड बनाया जाएगा और सीआरडीए को विशेष अवसंरचना उपकर लगाने का अधिकार दिया जाएगा।

### 700 गांव भी होंगे शामिल

बताया गया है कि शुरुआत में लगभग 700 गांवों को कैपिटल रीजन में शामिल करने की योजना है ताकि शहरी और ग्रामीण विकास को संयुक्त रूप से बढ़ावा दिया जा सके। पूरे क्षेत्र का मास्टर प्लान 'ओवल शेप' में तैयार होगा, जो सभी प्रमुख कस्बों और शहरों को जोड़ेगा। वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक इस बात की संभावना भी है कि अगर एससीआर का विस्तार जरूरी हुआ तो इसमें अभनपुर और राजनांदगांव को भी शामिल किया जा सकता है।

### नए बजट में हो सकता है बड़ा प्रावधान

इधर राज्य सरकार का नया बजट 2026-27 फरवरी-मार्च में आने वाला है। जानकारों का कहना है कि नए बजट में एससी आर के लिए बड़ी राशि का प्रावधान किया जा सकता है। 2024-25 के बजट में एससीआर कार्यालय और डीपीआर तैयार करने के लिए 5 करोड़ रुपये अलग रखे गए थे। रायपुर-दुर्ग मेट्रो रेल लिंक के लिए भी 5 करोड़ रुपये की प्रारंभिक सर्वे व्यवस्था की गई है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### फलस्तीनी झंडा लगाने पर क्रिकेटर के खिलाफ जांच शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जम्मू में एक निजी टूर्नामेंट के दौरान हेलमेट पर फलस्तीनी झंडा लगाकर खेलने वाले दक्षिण कश्मीर के एक क्रिकेट खिलाड़ी के खिलाफ प्रारंभिक जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलवामा के तांगीपुना निवासी क्रिकेट खिलाड़ी फुरकान उल हक जम्मू के मुट्ठी इलाके में स्थित 'के सी डोर' मैदान पर खेले जा रहे 'जम्मू-कश्मीर चैंपियंस लीग' में अपने हेलमेट पर फलस्तीनी झंडा प्रदर्शित करते हुए देखे गए थे।



### असम में अफीम बेचते पंजाब के दो गिरफ्तार

**दिफू।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में 2.7 किलोग्राम अफीम जब्त कर पंजाब के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया जो उसे असम में बेचने के लिए लाए थे। पुलिस ने बताया कि बोकाजन उपमंडल के खटखटी में एक जांच चौकी पर एक ट्रक को रोका गया और उसकी गहन तलाशी ली गई। पुलिस के मुताबिक, तलाशी के दौरान अफीम के दो पैकेट बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि ट्रक नगालैंड के दीमापुर से आ रहा था और ट्रक से पकड़े गए लोग पंजाब के रहने वाले थे।

### जम्मू-कश्मीर राजमार्ग पर भूस्खलन, वाहन छोड़ लोग भागे

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को सड़क चौड़ीकरण काम के दौरान भीषण भूस्खलन हुआ, जिससे श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग अवरूद्ध हो गया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद वाहन बाल-बाल बच गए। कुछ लोगों को अपने वाहन छोड़कर भागने को मजबूर होना पड़ा। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पहाड़ से चट्टानें लुढ़कती हुई।



## ईरान की अमेरिका को दो टूक, बोला- अमेरिका अपनी तबाही तय समझे

# खामेनेई को ट्रंप की चुनौती, अगर प्रदर्शनकारियों को ईरान ऐसे ही मारता रहा तो हम घुसकर मारेंगे



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

ईरान में खामेनेई सरकार के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन में अब तक सात से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदर्शनकारियों की मौत को देखते हुए अमेरिका ने ईरान सरकार को खुली चेतावनी दे दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी शासन को साफ-साफ धमकी दी है कि अगर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को ईरानी शासन मारता है तो अमेरिका उन्हें बचाने के लिए तैयार है। इतना ही नहीं ट्रंप ने यहां तक कह दिया कि जरूरत पड़ी तो अमरीकी सेना ईरान में घुसकर एक्शन लेगी। वहीं ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार ने बयान जारी कर कहा कि ईरान अपने देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने वालों के हाथ काट देगा। अमेरिकी हस्तक्षेप उसे तबाही और अव्यवस्था की ओर ले जाएगा।

### प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलवाना ईरान का रिवाज : ट्रंप

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा अगर ईरान शांति से प्रदर्शन करने वालों पर गोली चलाता है और उन पर हिंसा करता है, जो उनका रिवाज है, तो यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका उनकी मदद के लिए आएगा। ट्रंप ने कहा कि हम इसके लिए तैयार हैं और किसी भी प्रकार की कार्रवाई कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि तेहरान ने दशकों तक देश की उपेक्षा की है ताकि आतंकवादी गुर्गों और परमाणु हथियारों के रिसर्च पर अरबों खर्च किए जा सकें।







### ईरान दुश्मनों के हाथ काट देगा : ईरानी सलाहकार

खामनेई के सलाहकार शमखानी ने इसको लेकर एक्स पर पोस्ट भी लिखी है। उन्होंने लिखा है कि ईरानियों को अमेरिका का रेस्क्यू रिकॉर्ड बहुत अच्छे से पता है। इराक से लेकर अफगानिस्तान और गाजा तक इसका गवाह है। उन्होंने आगे लिखा कि किसी भी बहाने से ईरान की सुरक्षा में हस्तक्षेप करने वाले हाथ को काट दिया जाएगा और इसका उत्तर बहुत कड़वा होगा। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा लाल रेखा है, यह रोमांचक ट्वीट्स का मामला नहीं है।

### प्रदर्शनकारियों पर और सख्ती बढ़ाएगा ईरान

इस बीच ईरानी सत्ता कहीं से भी नरमी के मूड में नहीं दिख रही है। ईरान के लोरेस्तान प्रांत के चीफ जस्टिस सईद शाहवारी ने कहा कि हाल के दिनों में अज़ना और डेल्फ़ान शहरों में कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन उन्होंने गिरफ्तार लोगों की संख्या नहीं बताई। रिपोर्ट के अनुसार उन लोगों के खिलाफ कानूनी, न्यायिक और निर्णायक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जिन्हें उन्होंने दंगाई और सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा में बाधा डालने वाले बताया।

### ग्रामीण इलाकों तक फैला आंदोलन, मौतें बढ़ीं

ईरान में सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। राजधानी तेहरान में भले ही प्रदर्शन थोड़े धीमे पड़े हों, लेकिन इस्फहान, शिराज, यज्द और केरमानशाह जैसे शहरों में आग फैल चुकी है। खासतौर पर लूर समुदाय के इलाकों में हालात बेहद तनावपूर्ण हैं।

### ये गुस्से की अभिव्यक्ति अमेरिकी विदेश विभाग

इस बीच ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि ईरान में विरोध प्रदर्शन अपनी सरकार की नाकामियों पर लोगों के समझ में आने वाले गुस्से की अभिव्यक्ति हैं। एक विदेश विभाग के अधिकारी ने कहा, ये विरोध प्रदर्शन ईरानी लोगों का अपनी सरकार की नाकामियों और बहानों पर समझ में आने वाला गुस्सा दिखाते हैं।



### आर्थिक संकट ने भड़काया जनाक्रोश

ईरान में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और मुद्रा रियाल की ऐतिहासिक गिरावट ने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है. हालात इतने खराब हो चुके हैं कि एक अमेरिकी डॉलर की कीमत करीब 14.2 लाख रियाल तक पहुंच गई है. खाने-पीने की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं और कारोबार ठप होता जा रहा है. इसी गुस्से के चलते तेहरान के ग्रैंड बाजार और मोबाइल फोन बाजार के दुकानदारों ने हड़ताल कर दी. जो प्रदर्शन शुरुआत में सिर्फ आर्थिक मांगों तक सीमित थे, अब धीरे-धीरे सरकार और शासन व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन में बदल गए हैं।

## मानदंडों के साथ मसौदा जारी

# डॉक्टर की पर्ची के बगैर नहीं मिलेगा कफ सिरप काउंटर से बिक्री पर सख्ती



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कफ सिरप की ओटीसी बिक्री पर सख्ती दिखाते हुए ड्रग्स नियमों में संशोधन का मसौदा जारी किया है। अब डॉक्टर की पर्ची के बिना कफ सिरप मिलना मुश्किल होगा। कफ सिरप की ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) बिक्री को लेकर सख्त कदम उठाते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने ड्रग्स नियम-1945 में महत्वपूर्ण संशोधन का मसौदा जारी किया है। इसका उद्देश्य तरल दवाओं के दुरुपयोग पर रोक लगाना है।

सरकार ने इस मसौदे पर 30 दिनों के भीतर जनता से सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं। सरकार ने कहा है कि तय अवधि में मिले सभी सुझावों पर विचार किया जाएगा।

### सिरप शब्द हटाने का प्रस्ताव रखा

प्रस्तावित संशोधन के तहत मंत्रालय ने अनुसूची के क्रमांक 13 के दवाओं का वर्ग कॉलम के तहत प्रविष्टि संख्या 7 से सिरप शब्द हटाने का प्रस्ताव रखा है। दरअसल, अनुसूची के में वे दवाएं शामिल होती हैं जिन्हें कुछ लाइसेंस नियमों से छूट मिलती है। इस बदलाव के बाद कफ सिरप को बिना डॉक्टर की सलाह के बेचना आसान नहीं रहेगा।

### बड़े अस्पतालों के डॉक्टरों का समर्थन

सर गंगाराम अस्पताल में चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉ अतुल काकर ने कहा कि जहरीले तत्वों वाले कई कफ सिरप पहले ही प्रतिबंधित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में बच्चों की मौतें ऐसे सिरप से हुईं। उन्होंने जोर देकर कहा कि केमिस्ट को दवाएं लिखने का अधिकार नहीं होना चाहिए और सरकार को इस पर सख्ती करनी चाहिए। फोर्टिस अस्पताल, शालीमार बाग के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक जैन ने ओटीसी छूट सूची से सिरप को हटाने के फैसले को समय की जरूरत बताया।

# मीटिंग के बीच विधायक को दिल का दौरा, इलाज के दौरान मौत

एजेंसी ▶▶| रायबरेली



उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की फरीदपुर सीट से लगातार दूसरी बार विधायक और रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे एक सरकारी बैठक में शामिल थे, जब उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी और वे बेहोश होकर गिर पड़े। सहयोगियों ने बिना देरी किए उन्हें मेडीसिटी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उन्हें बचाने की हरसंभव कोशिश की मगर उनकी जान नहीं बच सकी।

### राजनीति और शिक्षा जगत में गहरा प्रभाव

डॉ. लाल एक उच्च शिक्षित राजनेता थे। राजनीति में आने से पहले वे रुहेलखंड विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। वे पहली बार 2017 में फरीदपुर (आरक्षित) विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर विधायक बने।

### जन्मदिन के ठीक अगले दिन हुई अनहोनी

डॉ. श्याम बिहारी लाल का जन्म 1 जनवरी 1966 को शाहजहांपुर में हुआ था। गुरुवार को ही उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया था और समर्थकों ने उन्हें बधाई दी थी। किसी को अंदाजा नहीं था कि जश्न के अगले ही दिन उनके निधन की खबर आएगी। उनके आकस्मिक निधन से समर्थकों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 72 घंटे में 200 से ज्यादा तोतों की मौत, जमीन पर लगा ढेर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के खरगोन में नर्मदा नदी के किनारे अज्ञात कारणों से करीब 200 तोते की मौत से हड़कंप मच गया है। वर्तमान में मौत का कारण फूड पॉइजनिंग बताया जा रहा। प्रशासनिक अमला जांच के लिए पहुंचा है। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने विसरा जांच के लिए भोपाल और जबलपुर लैब भेजा है। जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर बड़वाह का यह मामला है। नर्मदा नदी पर बने एक्वाडक्ट पुल के पास पिछले तीन दिनों में करीब 200 तोतों की मौत के बाद इलाके में सनसनी फैली हुई है। लगभग 100 से अधिक तोतों की मौत के बाद शवों के पोस्टमार्टम के बाद पशु चिकित्सकों ने स्पष्ट किया है कि इनकी मौत बर्ड फ्लू से नहीं, बल्कि 'फूड पॉइजनिंग' (विषाक्त भोजन) और गलत खान-पान के कारण हुई है।



# भाजपा-कांग्रेस समर्थक भिड़े, एक मृत विधायक समेत 11 पर एफआईआर

एजेंसी ▶▶| बल्लारी

- कर्नाटक में बैनर फाड़ने को लेकर विवाद

कर्नाटक के बल्लारी में हुई हिंसा व एक व्यक्ति की मौत के बाद के मामले में भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी समेत 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि दरअसल बैनर लगाने को लेकर कांग्रेस विधायक भरत रेड्डी और भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी के समर्थक आपस में भिड़ गए थे। इस हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी, पूर्व मंत्री और भाजपा नेता श्रीरामुलु, शेखर, अलिखन और सोमशेखर रेड्डी समेत 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पथराव में घटना में कई लोग घायल हुए हैं।



### इस बात पर हुआ विवाद

बल्लारी में 3 जनवरी को वाल्मिकी जी की प्रतिमा का अनावरण होना है। इसे लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके पोस्टर-बैनर शहर भर में लगाए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, कांग्रेस विधायक भरत रेड्डी के समर्थक अवंभावी इलाके में भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी के आवास के बाहर कार्यक्रम का बैनर लगा रहे थे तभी विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों तरफ से पत्थरबाजी शुरू हो गई। पुलिस का कहना है कि जब हंगामे की सूचना पर पुलिस वहां पहुंची तो उस पर भी पथराव हुआ।

# आतंकियों के ठिकाने से आईईडी समेत गोला-बारूद, बंदूकें बरामद



एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय सेना ने आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। सेना की रोमियो फोर्स ने लोरान इलाके के गरंग जंगल में आतंकियों के एक ठिकाने का पता लगाया है, जो ऊंचाई वाले क्षेत्र में स्थित था। इस सफलता से आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों के अभियान को मजबूती मिली है। इस ठिकाने से सुरक्षा बलों को आईईडी जैसे विस्फोटक सामान समेत भारी मात्रा में गोला बारूद तथा आतंकियों के उपयोग की कई लॉजिस्टिक सामग्री बरामद हुई है।

### बर्फबारी के बीच ऑपरेशन जारी

कड़कड़ाती ठंड और भौगोलिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा बलों का जंगलों में आतंकियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है जिससे किसी भी आतंकवादी साजिश को समय रहते रोका जा सके। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, पुंछ जिले में आतंकवादियों को मदद न मिलने और उनकी गतिविधियों को कुचलने के लिए सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मिलकर चौकसी कर रहीं हैं।

## कोर्ट ने रद्द की पति के खिलाफ एफआईआर

# 'मुकदमेबाजी निजी बदला लेने का जरिया नहीं', दहेज उत्पीड़न मामले में कोर्ट की 'सुप्रीम'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैवाहिक विवादों से जुड़े मामलों में एक अहम टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पति का पत्नी पर आर्थिक या वित्तीय प्रभुत्व अपने आप में क्रूरता की श्रेणी में नहीं आता। शीर्ष अदालत ने कहा कि आपराधिक मुकदमेबाजी को निजी बदले या हिसाब चुकता करने का जरिया नहीं बनने दिया जा सकता। यह टिप्पणी अदालत ने एक ऐसे मामले में की, जहां पति के खिलाफ क्रूरता और दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया गया था। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि खर्च का हिसाब मांगना या पैसों के उपयोग की ▶▶|शेष पेज 6 पर



### दैनिक वैवाहिक खटपट और कानून

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पति-पत्नी के बीच खर्चों को लेकर विवाद या तकरार विवाह के "दैनिक उतार-चढ़ाव" का हिस्सा हो सकता है। ऐसे मामलों को भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत क्रूरता नहीं माना जा सकता। अदालत ने चेतावनी दी कि वैवाहिक मामलों में आरोपों की गहन जांच जरूरी है।

### क्रूरता की परिभाषा पर अदालत की टिप्पणी

पीठ ने कहा कि पत्नी द्वारा लगाए गए आरोपों में पति का आर्थिक प्रभुत्व जरूर बताया गया है, लेकिन इससे किसी ठोस मानसिक या शारीरिक नुकसान का प्रमाण नहीं मिलता। अदालत ने कहा कि भारतीय समाज में अक्सर घरों में पुरुष वित्तीय मामलों में नियंत्रण रखते हैं, लेकिन केवल इसी आधार पर आपराधिक क्रूरता का मामला नहीं बनता। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि खर्च का हिसाब मांगना या पैसों के उपयोग की जानकारी लेना अपने आप में क्रूरता नहीं है।

### अदालत ने अपने आदेश में क्या कहा?

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पति पर लगाए गए क्रूरता, मानसिक उत्पीड़न और चोट पहुंचाने के आरोप सामान्य और अस्पष्ट हैं तथा इनमें दुर्भावनापूर्ण मंशा दिखाई देती है। पीठ ने कहा कि पहले के न्यायिक फैसलों पर गौर करने के बाद यह साफ है कि पति के खिलाफ कोई भी अपराध साबित नहीं होता। शीर्ष अदालत ने यह भी साफ किया कि इस फैसले में की गई टिप्पणियां पति-पत्नी के बीच चल रहे अन्य वैवाहिक या दीवानी मामलों को प्रभावित नहीं करेंगी। ऐसे सभी मामले अपने तथ्यों और कानून के अनुसार अलग-अलग तय किए जाएंगे।




आईआईटी मद्रास के कार्यक्रम के दौरान छात्रों से बातचीत में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# आतंकवाद फैलाने वाला पाकिस्तान बुरा पड़ोसी... अपने लोगों की रक्षा करेगा भारत


*क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर वर्तमान में बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच शुक्रवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने नाम लिए बगैर पाकिस्तान को आतंकवाद के मामले पर बेहद सख्त अंदाज में चेतावनी देते हुए भारत का एक 'बुरा पड़ोसी' बताया और कहा कि हमें अपने लोगों के अधिकारों की हर हाल में रक्षा करने का पूरा अधिकार है। ऑपरेशन सिंदूर का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि खासकर तब जब हमारे आसपास लगातार या जानबूझकर आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला पड़ोसी है। तब वो हमें ये नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए? दुर्भाग्य से हमारे पड़ोसी बुरे हैं। मिसाल के तौर पर पश्चिमी-सीमा पर ऐसा ही है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

अगर हमारा कोई पड़ोसी बिना किसी पछतावे के रोजाना की तर्ज पर हमारी ओर आतंकवाद को बढ़ावा देता रहेगा तो हमारे पास अपने देश के नागरिकों की रक्षा करने का अधिकार मौजूद है। हम आवश्यकता पड़ने पर इसका इस्तेमाल करने से बिल्कुल भी नहीं हिचकिचाएंगे। आतंकवाद के साथ-साथ पानी साझा करने के लिए अनुरोध करना बेमानी है। यह जानकारी विदेश मंत्री ने 2 जनवरी को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानमद्रास के युवा छात्रों से बातचीत में दी है। इस अवसर पर उन्होंने आईआईटी-एम ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन को भी लांच किया। जो संस्थान की एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय पहल है और इसका उद्देश्य आईआईटी मद्रास को शिक्षा, शोध, नवाचार और आंत्रप्रेन्योरशिप के क्षेत्र में ग्लोबल नेटवर्क हब बनाने का है।

### आतंकवाद के खिलाफ 'शून्य सहिष्णुता' की नीति

ज्ञात हो कि पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ, लश्कर का छद्म संगठन) के हमले के जवाब में भारत ने 7 से 10 मई तक ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्यवाही को अंजाम दिया था। लगभग चार दिनों तक भारत के हाथों बुरी तरह से मार खाने के बाद पाकिस्तान की पहल पर 10 मई को शाम पांच बजे दोनों देशों के बीच संघर्षविराम लागू हुआ और फिर भारत ने पाक को साफ शब्दों में ये संदेश दे दिया कि अगर भविष्य में भी उसने भारत के खिलाफ पहलगाम जैसा या अन्य कोई आतंकी हमला किया। तो उसे उसका तुरंत करारा जवाब दिया जाएगा।




**अरुणाचल को बताया अभिन्न अंग :** उन्होंने अरुणाचल की एक महिला के साथ शंघाई हवाईअड्डे पर हुई घटना को लेकर चीन के संदर्भ में कहा कि अरुणाचल-प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की कोई तिकड़म भिड़ाकर जमीनी स्थिति को बदला नहीं जा सकता है।

## 'मैं नहीं, वो मिलने आए थे' जयशंकर के हैंडशेक पर पाक

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव के बीच ढाका से आई एक तस्वीर को लेकर पाकिस्तान में बयानबाज़ी तेज हो गई है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हाथ मिलाने के बाद पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने इसे लेकर सार्वजनिक रूप से शेखी बघारी है। सादिक ने दावा किया है कि ढाका में हुई इस मुलाकात के दौरान जयशंकर खुद चलकर उनके पास आए थे। जयशंकर और अयाज सादिक दोनों ही बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने ढाका पहुंचे थे। इसी दौरान बुधवार को दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। मई में हुए सैन्य टकराव के बाद यह भारत-पाक के बड़े नेताओं की पहली सार्वजनिक मुलाकात मानी जा रही है।

### पाक मीडिया ने किया बड़ा दावा

पाकिस्तान के जियो टीवी से बातचीत में अयाज सादिक ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल जयशंकर के नेतृत्व में संसद के वेटिंग रूम में पहुंचा था और जयशंकर ने खुद आकर उनसे मुलाकात की। सादिक के मुताबिक, उस समय वेटिंग रूम में पाकिस्तान के अलावा मालदीव, नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के अधिकारी पहले से मौजूद थे। जयशंकर ने अंदर आते ही सभी प्रतिनिधियों से अभिवादन किया।

एलओपी व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगाए थे वोट चोरी के आरोप

# कर्नाटक एजेंसी के सर्वे में 91 फीसदी ने माना चुनाव निष्पक्ष, भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

कलबुर्गी जिले की आलंद विधानसभा सीट पर जानबूझकर वोट काटने का हुआ था दावा, इधर, कांग्रेस नेताओं ने कर्नाटक सरकार से नाम जोड़ने पर जताई आपत्ति

कर्नाटक सरकार की एक एजेंसी की स्टडी में दावा किया गया है कि राज्य के 91% लोग मानते हैं कि भारत में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराए जाते हैं और ईवीएम सटीक नतीजे देती हैं। यह रिपोर्ट कर्नाटक मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन अथॉरिटी (केएमईए) ने प्रकाशित की है। यह स्टडी कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की तरफ से लागू सिस्टेमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) कार्यक्रम के नतीजों का आकलन करने के लिए कराया गया था। यह सर्वे कर्नाटक के 34 निर्वाचन जिलों के 102 विधानसभा क्षेत्रों में किया गया। यह सर्वे ऐसे समय आया है, जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भाजपा पर कई राज्यों में 'वोट चोरी' का लगातार आरोप लगा रहे हैं। वे कर्नाटक के कलबुर्गी में भी वोट चोरी का दावा कर चुके हैं।



### कर्नाटक के 102 विधानसभा क्षेत्रों में किया गया सर्वे

सूत्रों के अनुसार, चुनाव को लेकर केएमईए की रिपोर्ट अगस्त 2025 में तैयार हुई थी, जो हाल में सार्वजनिक की गई है। इसका टाइटल है- 'लोकसभा इलेक्शन 2024: इवैल्यूएशन ऑफ एंडलाइन सर्वे ऑफ नॉलेज, एप्टीट्यूड एंड प्रैक्टिस (कैप) ऑफ सिटीजन्स।'

### राहुल ने दिया था प्रेजेंटेशन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 18 सितंबर को 31 मिनट का प्रजेंटेशन दिया था। इसमें उन्होंने कहा- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र को नष्ट करने वालों और वोट चोरों को बचा रहे हैं। राहुल ने कर्नाटक के कलबुर्गी जिले की आलंद विधानसभा सीट का उदाहरण देते हुए दावा किया कि वहां कांग्रेस समर्थकों के वोट योजनाबद्ध तरीके से हटाए गए।

### यह सर्वे कांग्रेस के मुंह पर तमाचा : भाजपा

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। ऐसे में भाजपा ने सर्वे रिपोर्ट को लेकर राहुल पर पलटवार किया है। भाजपा नेता और कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, 'लोग चुनावों पर, ईवीएम पर और लोग भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा करते हैं। यह सर्वे कांग्रेस के मुंह पर करारा तमाचा है। जहां नागरिक भरोसा दिखा रहे हैं, वहीं कांग्रेस शक जता रही है।'

### यह सर्वे चुनाव आयोग का, वह भी राहुल के प्रेजेंटेशन से पहले का

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कर्नाटक सरकार की एक एजेंसी ने चुनाव की निष्पक्षता और वोट चोरी के प्रति लोगों के जनमत जानने के लिए सर्वे किया था। हालांकि बाद में कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और प्रियांक खड़गे ने इसे कर्नाटक सरकार के सर्वे होने के दावे को खारिज कर दिया। कांग्रेस नेता प्रियांक खड़गे ने एक्स पर आरोप लगाया कि चुनाव आयोग द्वारा राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के माध्यम से करवाया गया यह सर्वे प्रधानमंत्री कार्यालय से जुड़े एक व्यक्ति ने किया था। खड़गे ने कहा कि यह सर्वे मई 2025 में किया गया। कांग्रेस द्वारा वोट चोरी का विस्तृत खुलासा अगस्त 2025 में सामने आया। सर्वे में हर विधानसभा से सिर्फ़ 50 लोगों को शामिल किया गया। सांख्यिकीय रूप से कमज़ोर, बड़े सैंपलिंग एरर और सिलेक्शन बायस की संभावना और नतीजे निकालने के लिए उपयुक्त नहीं। खड़गे ने आगे कहा, ' भाजपा इस सर्वे को झूठा 'राज्य सरकार का सर्वे' बताकर प्रचार कर रही है।



सांसद चतुर्वेदी ने कहा- यह महिलाओं की निजता का हनन

# 'ग्रोक... रिमूव दिस' ट्रेंड पर आपत्ति, आईटी मंत्री को पत्र





एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के नए-नए फीचर को लेकर राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने गंभीर सवाल उठाए है। ये फीचर एक्स के एआई एलिमेंट ग्रोक से जुड़ा है। जहां ग्रोक किसी भी तस्वीर के ऑरिजिनल कपड़े हटाकर उन्हें अलग पोशाक में दिखाता है। प्रियंका चतुर्वेदी ने इस फीचर पर आपत्ति जताते हुए केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा है कि ये तकनीक महिलाओं की निजता का हनन है और इसका इस्तेमाल  कानून व्यवस्था की समस्या खड़ा कर सकता है। प्रियंका चतुर्वेदी ग्रोक जैसे फीचर्स के ज़रिए ऐसे सेफ़्टी गार्ड लगाए जाने चाहिए जो महिलाओं की गरिमा का उल्लंघन न करें, बड़ी टेक कंपनियों को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी, और मैं चाहता हूं कि ऐसे व्यवहार में शामिल पुरुषों को उनके घरों और स्कूलों में बेहतर शिक्षा मिले ताकि वे बड़े होकर ऐसे बीमार और विकृत इंसान न बनें।

### फीचर को रेगुलेट करने की मांग

प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स के इस एआई फीचर को रेगुलेट करने की मांग की है। शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा है कि इस फीचर का इस्तेमाल कर कुछ मर्द फेक अकाउंट के जरिये महिलाओं की तस्वीर से कपड़े हटाने और उन्हें सेक्सुअलाइज करने को कह रहे हैं। राज्यसभा सांसद ने कहा कि यह सिर्फ फेक अकाउंट से तस्वीरें शेयर करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को भी टारगेट किया जा रहा है जो अपनी तस्वीरें पोस्ट करती हैं। यह बिल्कुल गलत है और एआई फंक्शन का घोर दुरुपयोग है। उन्होंने इस ट्रेंड पर चिंता जताते हुए कहा कि यह न सिर्फ महिलाओं की निजता का हनन है बल्कि उनकी तस्वीर का अनाधिकृत प्रयोग है और न सिर्फ अनैतिक है बल्कि आपराधिक भी है।



### किसानों के संगठन एफएआईएफए ने किया आगाह

# तंबाकू उत्पादों पर शुल्क में बढ़ोतरी से किसानों को होगा नुकसान, तस्करी को मिलेगा बढ़ावा

## किसानों की आजीविका पर इसका भारी असर पड़ेगा

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशंस (एफएआईएफए) ने शुक्रवार को कहा कि सरकार के तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने से किसानों की आय को नुकसान होगा तथा अवैध व्यापार से पहले से ही जूझ रहे बाजार में तस्करी और बढ़ जाएगी। वित्त मंत्रालय ने चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू एवं गुटखा पैकिंग मशीन (क्षमता निर्धारण व शुल्क संग्रह) नियम, 2026 के तहत लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 सिगरेट 'स्टिक' पर 2,050-8,500 रुपये का उत्पाद शुल्क एक फरवरी से लगाने की घोषणा की है।

### किसानों को लगा गहरा सदमा

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और गुजरात के उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले किसानों के संगठन एफएआईएफए ने कहा कि शुल्क में वृद्धि राजस्व-तटस्थ कर सुधार के संबंध में सरकार के आश्वासनों के विपरीत है। एफएआईएफए के अध्यक्ष मुरली बाबू ने बयान में कहा, "हमें यह देखकर गहरा सदमा लगा है कि वादा पूरा नहीं किया गया बल्कि किसानों की आजीविका की कीमत पर करों में भारी वृद्धि से जुड़ी अधिसूचना जारी की गई है।"



### सिगरेट की खपत कम होगी

किसानों के संगठन ने आगाह किया कि खुदरा कीमतों में वृद्धि से सिगरेट की कानूनी खपत कम हो जाएगी जिससे घरेलू स्तर पर उगाए गए तंबाकू की मांग प्रभावित होगी तथा संभावित रूप से फसल बाजार में अधिकता उत्पन्न हो जाएगी।

### एफसीवी तंबाकू पर प्रति खराक छह रुपए से अधिक का कर

संगठन ने बताया कि तैयार उत्पादों में एफसीवी तंबाकू पर प्रति खुराक छह रुपये से अधिक का कर लगता है जबकि बीड़ी तथा चबाने वाले उत्पादों पर प्रति इकाई एक पैसे से भी कम कर लगता है। एफएआईएफए द्वारा उद्धृत उद्योग अनुमानों के अनुसार भारत, दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अवैध सिगरेट बाजार बनकर उभरा है जिसमें अवैध उत्पादों का कुल खपत में करीब 26 प्रतिशत हिस्सा है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में हुई 3.29 अरब डॉलर बढ़ोतरी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.61 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 4.36 अरब डॉलर बढ़कर 693.31 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाले विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 18.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 559.61 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त ये परिसंपत्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक हैं और इनमें यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि इस दौरान सोने के भंडार का मूल्य 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 113.32 अरब डॉलर हो गया।

## एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी ने बताया कि दिसंबर में लौह अयस्क उत्पादन में सालाना आधार पर 14.64 प्रतिशत और बिक्री में 18.67 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। खनन कंपनी ने दिसंबर 2025 में 54 लाख टन लौह अयस्क का उत्पादन किया, जो वर्ष 2024 के इसी महीने में 47.1 लाख टन से कहीं ज्यादा है। समीक्षाधीन महीने में लौह अयस्क की बिक्री बढ़कर 66.4 लाख टन हो गई। जबकि दिसंबर 2024 में यह 39.1 लाख टन थी। इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एनएमडीसी का कुल उत्पादन वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल-दिसंबर में बढ़कर 3 करोड़ 68 लाख टन हो गया। जो पिछले वित्त वर्ष के नौ महीने में 3 करोड़ 7 लाख टन का हुआ था।

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur (C.G.) - 492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Reg. No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794, Website: www.csidc.in,
Email address:csidc.cg@nic.in,cside_raipur@yahoo.com

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) [1" Call] (MANUAL TENDER)**

NIT No. 31/CSIDC/E.E./Division-III/2025-26 Raipur, Dated 01/01/2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites RFP for Appointment for Enviornmental Consultancy Firm for Obtaining Environmental Clearance (EC) for Industrial area Textile Park, Village-Kurru, Nava Raipur, Atal Nagar (C.G.) with details as follows:-

| S. No. | Name of work | PAC | EMD | Cost of Tender Form | Last Date for Submission of Teder |
|---|---|---|---|---|---|
| A | Appointment for Enviornmental Consultancy Firm for Obtaining Environmental Clearance (EC) for Industrial area Textile Park, Village-Kurru Nava Raipur, Atal Nagar (C.G.) | 5.00 Lacs | 1,00,000/- | 5900/- (i/c 18% GST) | 21/01/2026 |

The REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) document and other details can be downloaded from the web portal (website) www.csidc.in from 01/01/2026. Amendment in RFP, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:** Agencies may contact to E.E., Division-III, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the RFP.

**S-46429** **Executive Engineer, Division-III**

**कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़ (आदिवासी विकास शाखा)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्र./आ.वि./निर्माण/2025-26/2598 बीजापुर, दिनांक 01-01-2020

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला बीजापुर की ओर से निम्नलिखित आश्रम / छात्रावास भवन निर्माण सह विद्युतीकरण कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत "C" श्रेणी एवं इससे उपर श्रेणी पात्र ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनाँक 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | NIT क्र./दि. | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत | निविदा कॉल | अमानत राशि (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 41/01.01.2026 | 182891 | पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास भैरमगढ़ | 17482000.00 | 1st Call | 131200.00 |
| 2 | 42/01.01.2026 | 182892 | आदिवासी बालक आश्रम फरसेगढ़ | 15119000.00 | 1st Call | 113400.00 |
| 3 | 43/01.01.2026 | 182894 | आदिवासी बालक आश्रम गुदमा | 15119000.00 | 1st Call | 113400.00 |
| 4 | 44/01.01.2026 | 182895 | आदिवासी बालक आश्रम झाड़ीगुट्टा | 15119000.00 | 1st Call | 113400.00 |
| 5 | 45/01.01.2026 | 182896 | आदिवासी कन्या आश्रम कोशलनार | 15119000.00 | 1st Call | 113400.00 |
| 6 | 46/01.01.2026 | 182898 | आदिवासी कन्या आश्रम गुदमा | 15119000.00 | 1st Call | 113400.00 |
| 7 | 47/01.01.2026 | 182899 | आदिवासी बालक आश्रम मिरतुर | 15119000.00 | 1st Call | 113400.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा **अंतिम तिथि (Bid due Date) 23.01.2026** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि **(Bid start Date) 05.01.2026** से है। निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्टवेवसाईट- https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास-बीजापुर**

**जी. 252605793/3**

# छोटी कारों की कीमतें बढ़ाने पर मारुति जल्द करेगी फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया अपनी छोटी कारों की कीमतें बढ़ाने की संभावना पर जल्द ही कोई फैसला करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मारुति ने सितंबर में छोटी कारों पर जीएसटी दरों में की गई कटौती के बाद अपने स्तर पर भी इन वाहनों की कीमतों में कटौती की थी। इसकी वजह से पिछले कुछ महीनों में कंपनी की छोटी कारों की बिक्री बढ़ी है। कंपनी ने 'एस-प्रेसो'' मॉडल की कीमतों में 1,29,600 रुपये तक, ऑल्टो के10 मॉडल की कीमतों में 1,07,600 रुपये तक, सेलेरियो मॉडल की कीमतों में 94,100 रुपये तक और वैगन-आर मॉडल की कीमतों में 79,600 रुपये तक की कटौती की थी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, ''छोटी कारों के रणनीतिक मूल्य निर्धारण के पीछे हमारा मकसद अधिक लोगों तक कारों की पहुंच बढ़ाना था।



**कार्यालय बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट, बिलासपुर (चकरभाठा)**

**निविदा सूचना**

पृ.क्रमांक/314/निविदा/बि.दे.के./ बिलासपुर (चकरभाठा) दिनांक 02.01.2026

बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट बिलासपुर चकरभाठा के परिसर में ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन सेवा देने हेतु 24 माह के अस्थायी रूप से ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन सुविधा संचालन हेतु Expression Of Interest (EOI) आमंत्रित किया गया है। यह कार्य संतोषप्रद कार्य पाये जाने पर एवं परस्पर समझौते से ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन संचालन आगे बढ़ाया जा सकता है। इच्छुक फर्म/संस्था 500/- रूपये का बैंक ड्राफ्ट "बिलासपुर एयरपोर्ट बिलासपुर" के पक्ष में निविदा फार्म के साथ कार्यालय एयरपोर्ट डायरेक्टर बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट बिलासपुर चकरभाठा में निविदा फार्म जमा कर सकते है। निर्धारित प्रारूप एवं आवश्यक शर्ते बिलासपुर जिले के वेबसाईट www.bilaspur.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा फार्म बिलासपुर जिले के वेबसाइट www.bilaspur.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 12.01.2026 को 02:00 बजे अपरान्ह तक

निविदा खोलने की तिथि: 12.01.2026 को सायं 03:00 बजे

स्थान :- बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट, बिलासपुर (चकरभाठा)

**एयरपोर्ट डायरेक्टर**
**बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट,**
**बिलासपुर (चकरभाठा)**

**जी. 252605803/2**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
**Ph. No. 07741-232068 Email ID-ee-res.kawardha@nic.in**

क्रमांक / 2346 / निविदा/ग्रा.या. सेवा/2025-26 कबीरधाम दिनांक 01/01/2026

**संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 14. (द्वितीय आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित विकासखण्ड अन्तर्गत छोटे-छोटे रु. 30.00 लाख लागत तक के विभिन्न निर्माण कार्यो का जोनल निविदा (30 लाख तक) के निर्माण कार्य हेतु दिनांक 14.01.2026 तक ऑनलाइन जोनल ई- निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्र. | कार्य का विवरण | प्रत्येक भाग की अनुमानित लागत (रु.लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | जोनल निविदा वि.ख. कवर्धा भाग-06 | 60.00 |
| 2 | जोनल निविदा वि.ख. बोडला भाग-07,08,10 (कुल 03) | 60.00 |
| 3 | जोनल निविदा वि.ख. पण्डरिया भाग-04 | 60.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट में https://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थिति होकर दिनांक 05.01.2026 से देखी जा सकती है।

**(सुरेन्द्र कुमार पटेल)**
**कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**जी. 252605789/2**

# सोने में 1,100 और चांदी में 4,000 रुपए की रही तेजी

## सोना बढ़कर 1.39 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर चांदी में आया 2,41,400 रुपए प्रति किलो की तेजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,100 रुपये बढ़कर 1,39,440 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमत भी 4,000 रुपये बढ़कर 2,41,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 67.47 डॉलर या 1.56 प्रतिशत बढ़कर 4,392.94 डॉलर प्रति औंस हो गया। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस मामलों के प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा कि हाजिर सोना एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ 4,390 डॉलर पर रहा।

इस तेजी के पीछे कोई साफ वजह नहीं है, इसलिए इसका कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की उम्मीदें और इस धातु के लिए सकारात्मक बाजार परिदृश्य हो सकता है। सिंह ने इस धातु के अल्प अवधि के परिदृश्य के बारे में कहा, ''अगले सप्ताह जारी होने वाली आईएसएम विनिर्माण, आईएसएम गैर-विनिर्माण और गैर-फार्म पेरोल रिपोर्ट सहित जरूरी अमेरिकी रिपोर्ट जारी होने से पहले, सोने के 4,250-4,335 डॉलर प्रति औंस के बीच कारोबार करने की उम्मीद है।'' विदेशी कारोबार में हाजिर चांदी भी 3.06 डॉलर यानी 4.28 प्रतिशत बढ़कर 74.52 डॉलर प्रति औंस हो गया।

**कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा), जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

एन.आई.टी. क्रमांक / 2821/आ.वि./निर्माण/2025-26 कांकेर, दिनांक 01/01/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**(प्रथम सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नांकित कार्य के लिए कार्यालय कलेक्टर, (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) जिला उत्तर बस्तर कांकेर के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत "C" श्रेणी एवं इसमें ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह (वर्षा काल सहित) होगी।

1- ई निविदा प्रारंभ तिथि - 01.01.2026
2- ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 17.01.2026
3- अमानत राशि (एफ.डी.आर.) एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से) - 22.01.2026
4- निविदा खोलने की तिथि - 23.01.2026

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम / स्थान का नाम | निविदा की राशि (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 182822 | 50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम, कांकेर 1 भवन निर्माण कार्य, वि.ख. कांकेर | 155.19 | 1.164 |
| 2 | 182829 | 50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम, कांकेर 2 भवन निर्माण कार्य, वि.ख. कांकेर | 155.19 | 1.164 |
| 3 | 182830 | 50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम, भैसाकन्हार, भवन निर्माण कार्य, वि.ख. भानुप्रतापपुर | 155.19 | 1.164 |
| 4 | 182831 | 50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम, कन्हारगांव, भवन निर्माण कार्य, वि.ख. भानुप्रतापपुर | 155.19 | 1.164 |
| 5 | 182823 | 50 सीटर पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास दुर्गुकोन्दल, भवन निर्माण कार्य, वि.ख. दुर्गुकोन्दल | 175.52 | 1.317 |
| 6 | 182834 | 50 सीटर पो.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास दुर्गुकोन्दल, भवन निर्माण कार्य, वि.ख. दुर्गुकोन्दल | 175.52 | 1.317 |
| 7 | 182832 | 50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम, पुजारीपारा, भवन निर्माण कार्य, वि.ख. दुर्गुकोन्दल | 155.19 | 1.164 |
| 8 | 182833 | 50 सीटर आदिवासी बालक आश्रम, सुरूंगदोह, भवन निर्माण कार्य, वि.ख. दुर्गुकोन्दल | 155.19 | 1.164 |
| 9 | 182835 | 50 सीटर पो.मैं. आदिवासी बालक छात्रावास कोयलीबेड़ा, भवन निर्माण कार्य, वि.ख. कोयलीबेड़ा | 175.52 | 1.317 |
| 10 | 182836 | 50 सीटर पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास पंखाजूर, भवन निर्माण कार्य, वि.ख. कोयलीबेड़ा | 175.52 | 1.317 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-ओक्योरमेन्ट वेबसाईट - https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है।

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास, कांकेर**

**G-252605782/3**

**Government of Chhattisgarh**
**Department of Good Governance & Convergence Mantralaya**
**Mahanadi Bhavan, Nava Raipur, Atal Nagar**

**File No.:GENCOR-35010/319/2025-Good Governance**
**Nava Raipur, Dated 02-01-2026**

**Notice Inviting Tender For Implementation of CM Helpline & Complaint Management System (CMS)**

State Implementing Agency (SIA hereinafter known as Department of Good Governance & Convergence) invites technical and financial proposals from Companies for implementation of CM Helpline & Complaint Management System (CMS).

The document can be downloaded from the **Websites: https://eproc.cgstate.gov.in and https://goodgovernance.cgstate.gov.in** response to this tender shall be deemed to have been done after careful general information about the Issuer, important dates and addresses and the overall eligibility criteria for the parties.

**Issuer**
Department of Good Governance & Convergence (SIA)
**Office Of:**
Special Secretary-Department of Good Governance and Convergence Government of Chhattisgarh, S-1-3 First floor. Mantralaya Mahanadi Bhavan Atal Nagar Nava Raipur Chhattisgarh-492002
Tel: +91-7712510756
Email: us-ggc58@cg.gov.in
Website: https://goodgovernance.cgstate.gov.in
**Address for business query and Correspondence**
**Office Of:**
Special Secretary-Department of Good Governance and Convergence Government of Chhattisgarh, S-1-3 First floor. Mantralaya Mahanadi Bhavan Atal Nagar Nava Raipur Chhattisgarh - 492002.
Tel: +91-7712510756
Email: us-ggc58@cg.gov.in
Website: https://goodgovernance.cgstate.gov.in

**Government of Chhattisgarh**
**Department of Good Governance and Convergence**

**Directorate of Sports and Youth Welfare**
**Government of Chhattisgarh**
Sardar Vallabh Bhai Patel International Hockey Stadium, Raipur
Tel: 0771-2262177 Email: dir-sportsyw.cg@gov.in

**विज्ञापन**

छत्तीसगढ़ राज्य टीम (महिला एवं पुरुष) के चयन हेतु सूचना खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026

| | |
|---|---|
| खेल, तिथि, समय एवं स्थान | 1. वेटलिफ्टिंग : स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, रायपुर दिनांक 06 जनवरी 2026, प्रात: 9:00 बजे<br>2. तीरंदाजी : स्व. बी. आर. यादव स्टेडियम, बिलासपुर दिनांक 07 जनवरी 2026, प्रात: 9:00 बजे<br>3. एथलेटिक्स : स्व. बी. आर. यादव स्टेडियम, बिलासपुर दिनांक 07 जनवरी 2026, प्रात: 9:00 बजे<br>4. कुश्ती स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, रायपुर दिनांक 07 जनवरी 2026, प्रात: 9:00 बजे<br>5. तैराकी : जिला खेल परिसर, सरकंडा, बिलासपुर - दिनांक 07 जनवरी 2026, प्रात: 9:00 बजे<br>6. फुटबॉल : स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, रायपुर दिनांक 07 एवं 08 जनवरी 2026, प्रात: 9:00 बजे<br>7. हॉकी: सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, रायपुर दिनांक 07 एवं 08 जनवरी 2026, प्रात: 9:00 बजे |
| पात्रता मापदंड | 1. केवल वही खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे जो छत्तीसगढ़ राज्य के स्थायी निवासी हों।<br>2. खिलाड़ी का अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग से संबंधित होना अनिवार्य है।<br>3. आयु सीमा सभी पात्र खिलाड़ियों के लिए खुली है (महिला एवं पुरुष दोनों के लिए)। |
| परीक्षण के समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज | 1. कृपया अपना ओरिजिनल अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र चयन ट्रायल के दौरान साथ लावे<br>2. कृपया अपना ओरिजिनल आधार कार्ड / स्थानीय प्रमाण पत्र चयन ट्रायल के दौरान साथ लावे |
| QR रेजिस्ट्रेशन कोड | |
| रेजिस्ट्रेशन लिंक | https://nicforms.nic.in/enRhYmxlNjk1N2M1ZDdiYmQ4NTlwMjYwMTAyMg== |

**अधिक जानकारी के लिए दिए गए मोबाईल नंबर पर संपर्क करें 8871419609 अथवा आधिकारिक वेबसाईट: https://sportsyw.cg.gov.in देखें।**

**जी. 252605804/2**

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 6097



**बाएँ से दाएं-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रृंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोड्शी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -6096 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6107

✱✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6106 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## रुमेटोलॉजी विशेषज्ञ की नियुक्ति, पहले दिन की ओपीडी में तीन मरीज

# गठिया का अब सरकारी हॉस्पिटल में इलाज डीकेएस में खुला राज्य का पहला सेंटर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

नए साल की शुरुआत के साथ राजधानी के डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में वात संबंधी रोग (गठिया) के इलाज की सुविधा प्रारंभ की गई है। इसके लिए रुमेटोलॉजी विशेषज्ञ महिला चिकित्सक की नियुक्ति की गई है। शुक्रवार को पहली ओपीडी में तीन मरीज पहुंचे, जिनकी संख्या आने वाले दिनों में बढ़ने की संभावना है। राज्य में रुमेटो संबंधी बीमारियों के इलाज की सुविधा देने वाला डीकेएस पहला हास्पिटल होगा।

डीके हास्पिटल में काफी समय पहले रुमेटोलॉजी विभाग प्रारंभ करने की योजना बनाई गई थी। इस आधार पर वहां रुमेटोलॉजी विशेषज्ञ डा. अश्लेषा शुक्ला की नियुक्ति की गई है। डा. शुक्ला प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले मरीजों की जांच के बाद आवश्यक इलाज करेंगी। गुरुवार को उनकी ज्वाइनिंग के बाद शुक्रवार से ओपीडी की शुरुआत हुई, जिसमें तीन मरीजों ने आकर अपनी जांच कराई। अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि आने वाले दिनों में इस विभाग की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ेगी। राज्य के किसी भी मेडिकल कालेज अथवा सरकारी अस्पताल में गठिया रोग के इलाज का विशेषज्ञ नहीं है। इसके लिए सरकारी स्तर पर दूसरे विभाग अथवा निजी हास्पिटल के डाक्टरों के पास जाकर इलाज कराना पड़ता है। ठंड अथवा मौसम में होने वाले बदलाव के दौरान जोड़ों में दर्द के साथ वात से संबंधित समस्या बढ़ जाती है। खासकर बढ़ती उम्र में इस तरह की समस्या अधिक असर दिखाती है।



### स्वास्थ्य सचिव ने दिखाई थी दिलचस्पी

पिछले दिनों स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया निरीक्षण के लिए डीके अस्पताल पहुंचे थे। निरीक्षण और चर्चा के दौरान अस्पताल प्रबंधन द्वारा उन्हें अस्पताल में दो विभाग शुरू करने संबंधी योजना के बारे में जानकारी दी गई थी। सचिव ने जनहित को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए थे। प्रस्ताव मिलते ही इस पर सहमति दी गई और अस्पताल प्रबंधन ने चिकित्सक की नियुक्ति कर ओपीडी के माध्यम से इसकी शुरुआत की।

### पांच भाषा की जानकार महिला चिकित्सक

रायपुर के अलावा ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों के इलाज के लिए रुमेटोलॉजिस्ट डा. अश्लेषा शुक्ला की नियुक्ति की गई है। डीएम इम्यूनोलॉजी एंड रुमेटोलॉजी डा. शुक्ला हिंदी, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी के साथ उड़िया और मराठी भाषा की जानकार हैं। छत्तीसगढ़ की मूल निवासी और प्रथम महिला रुमेटोलॉजिस्ट के रूप में उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

### रुमेटोलॉजिकल बीमारी के लक्षण

- सुबह जकड़न (सुई जैसी सनसनी), दोनों कलाई, घुटने में दर्द, सूजन और गर्माहट और जोड़ों के पास गांठ
- अचानक पैर के अंगूठे में तेज दर्द, घुटना, टखना, जोड़ में स्पर्श मात्र से पीड़ा
- त्वचा का रंग बदलना, कठोरता, सांस लेने में दिक्कत, पित्त की समस्या, कैल्सिनोसिस
- उम्र के साथ जोड़ों में बढ़ता दर्द, चलने के दौरान कठिनाई और जकड़न जैसी समस्या
- चेहरे पर चकत्ते, छाला, बाल झड़ना, त्वचा और आंखों में रुखापन, थकान जैसी शिकायत
- रात और सुबह पीठ-कमर में जकड़न, रीढ़ की कठोरता, एड़ी-टखने में दर्द, आंखों में सूजन
- गर्दन, कंधे, कमर, जांघों में मरोड़, नींद से छुटकारा नहीं, सुबह थकान और ध्यान में कमी

### मरीजों को मिलेगा लाभ

रुमेटोलॉजिस्ट की नियुक्ति की गई है। इससे गठिया रोग से पीड़ित मरीजों को जांच और आवश्यक उपचार की सुविधा प्रतिदिन ओपीडी में मिलेगी।

**- डॉ. हेमंत शर्मा,** उप अधीक्षक, डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल

# छत्तीसगढ़ में पकड़ा गया 90 करोड़ का अवैध धान ढाई हजार से अधिक केस, 106 गाड़ियां भी जब्त

**राज्य सरकार ने प्रदेश की सीमाओं पर की है तगड़ी नाकेबंदी, महासमुंद, बलौदाबाजार, रायगढ़, राजनांदगांव में सबसे अधिक घुसपैठ**



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 में 1 नवंबर 2025 से लेकर 2 जनवरी 2026 के बीच राज्यभर के सभी 33 जिलों में करीब 90 करोड़ रुपयों का धान पकड़ा गया है। इस धान को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए लाया जा रहा था। राज्य सरकार ने इस बार अवैध धान परिवहन के खिलाफ कड़ी नाकेबंदी करते हुए अंतराराज्यीय सीमाओं पर जांच नाके बना रखे हैं। धान की इस बरामदगी से संबंधित ढाई हजार से अधिक प्रकरण बनाए गए हैं।

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के साथ ही राज्य सरकार किसानों को प्रोत्साहन राशि समेत 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल अदा करती है। धान की इतनी कीमत संभवतया देश के किसी राज्य में नहीं मिल रही है। यही कारण हो सकता है कि छत्तीसगढ़ के आसपास के राज्य, ओडिशा, महाराष्ट्र, झारखंड सहित अन्य राज्यों का धान यहां लाकर समर्थन मूल्य पर बेचने की कोशिश की जाती है, लेकिन राज्य सरकार द्वारा की गई तगड़ी नाकेबंदी से अवैध परिवहनकर्ताओं को शिकंजे में लिया गया है।

### सबसे अधिक घुसपैठ महासमुंद, रायगढ़, बलौदाबाजार, राजनांदगांव से

इस सीजन के दौरान 1 नवंबर 2025 से लेकर 2 जनवरी 2026 के बीच अवैध धान के कुल 2516 प्रकरण बनाए जा चुके हैं। इसके साथ ही अवैध धान परिवहन के लिए इस्तेमाल किए गए 106 वाहन भी जब्त किए गए है। राज्य के सभी जिलों में कुल मिलाकर 2 लाख 89 हजार 578 मीट्रिक टन से अधिक धान जब्त किया गया है। मोटे तौर पर अगर इस धान की कीमत 31 सौ रुपए क्विंटल के हिसाब से देखें तो यह 89 करोड़ 76 लाख 91 हजार 800 रुपयों का होता है। यही धान अगर सोसाइटियों के माध्यम से खरीद लिया जाता तो सरकार को यह राशि अदा करनी पड़ती। खास बात ये है कि राज्य के सभी 33 जिलों में धान के अवैध परिवहन के मामले सामने आए हैं, लेकिन इनमें सबसे ज्यादा 312 मामले महासमुंद, रायगढ़ में 140, राजनांदगांव में 167, धमतरी, बलरामपुर में 119, कवर्धा में 109, बेमेतरा में 122, जशपुर में 105, बलौदाबाजार में 146, प्रकरण बने हैं। इन मामलों में मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# मूणत ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण, धीमी गति से चल रहे कार्यों पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने शुक्रवार को अपने क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान कहीं-कहीं धीमी गति से चल रहे कार्यों को देखकर वे एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को दो टूक में कहा कि किसी भी कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा में लापरवाही न बर्दाश्त करेंगे और न ही समझौता, इसलिए गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो, यह सुनिश्चित कराएं।

■ विधायक ने अधिकारियों से कहा- विकास की गुणवत्ता और समयसीमा से समझौता नहीं

राजेश मूणत ने निरीक्षण कार्य की शुरुआत वीर शिवाजी वार्ड स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ से की। यहां 10 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जा रहा है। इस कक्ष का निर्माण कार्य धीमी गति से देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से इसे पूर्ण किया जाए। इसी प्रकार विधायक ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ख़मतराई में 25 लाख की लागत से बन रहे अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भी निरीक्षण किया। यहां भी धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने इसे भी दो माह की समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मूणत ने इस दौरान शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत 23 लाख रुपये की लागत से बनने वाले दो नए कक्षों का भूमि पूजन भी किया। उन्होंने छात्रों को लाभ मिले। इसके लिए यह कार्य भी अगस्त 2026 तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए।

मूणत ने ठक्कर बाबा वार्ड में 80 लाख की लागत से बन रहे महतारी सदन का निरीक्षण कर उसे नया स्वरूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सदन के साथ लगे मैदान का सौंदर्यीकरण किया जाए, सांस्कृतिक मंच के ऊपर हॉल बनाया जाए और जल भराव रोकने के लिए चारों ओर नाली का निर्माण हो। वार्ड की सबसे बड़ी सौगात 16 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 2000 किलो लीटर क्षमता की नवीन पानी टंकी (जलागार) को लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 जनवरी 2026 तक शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से मानचित्र अनुमोदित कराकर कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ करें। मूणत ने बाल गंगाधर तिलक वार्ड में 25 लाख की लागत से बन रहे सामुदायिक भवन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही, पूर्व निर्मित सियान सदन का निरीक्षण कर उसके रंग-रोगन, साफ-सफाई और प्रथम तल पर नए हॉल निर्माण के लिए तत्काल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने को कहा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि धरातल पर गुणवत्तापूर्ण विकास उतारना है। जनता के पैसे का सदुपयोग होना चाहिए। विकास कार्यों में देरी न केवल लागत बढ़ाती है, बल्कि जनता को सुविधाओं से वंचित भी रखती है।

# भाजपा बोली- शब्दों की मर्यादा लांघना कांग्रेस की पुरानी आदत

हरिभूमि न्यूजः रायपुर


भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो बयान उप मुख्यमंत्री अरुण साव के लिए दिया है, वह बेहद ही शर्मनाक है। यह बयान इस बात का सबूत है कि शब्दों की मर्यादा को लांघना कांग्रेस की पुरानी आदत है। डॉ. मिश्रा ने कहा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बघेल का वर्चस्व खत्म हो चुका है और छत्तीसगढ़ की जनता बघेल को पसंद नहीं करती, इसलिए वापस अपना स्थान बनाए रखने के लिए इस प्रकार का बयान बघेल दे रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने कहा, बघेल को यह देखना चाहिए कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही, उस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री साव भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने और उन्हीं के नेतृत्व में भाजपा चुनाव लड़ी। उनकी योग्यता का आकलन इसी से किया जा सकता है कि श्री साव के नेतृत्व में ही बघेल की पार्टी चुनाव हारी और आज बघेल की पार्टी सत्ता से बाहर है। डॉ. मिश्रा ने कहा, बघेल ने बंदर वाला जो बयान दिया है, वह बयान राहुल गांधी के लिए सही बैठता प्रतीत होता है। क्या यह बयान बघेल ने राहुल के लिए बनाया था।

# नियम की शिथिलता से मिली राहत, 1800 सीटें भरीं, 2347 के लिए सामने नहीं आए दावेदार

रायपुर। राज्य शासन द्वारा नियम शिथिल किए जाने के बाद निजी नर्सिंग कालेजों को 1800 सीटों पर एडमिशन की राहत मिली है। 31 दिसंबर तक बीएसएसी नर्सिंग की प्रवेश काउंसिलिंग पूरी होने के बाद करीब 2347 सीट खाली रह गई है। पिछली बार प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक को 5 प्रतिशत किया गया था। निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन को प्रवेश की अंतिम तारीख बढ़वाने और न्यूनतम अंक के नियम को शिथिल कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी है। आईएनसी द्वारा प्रवेश की अंतिम तारीख 31 दिसंबर तय करने के बाद न्यूनतम अंक के नियम को शिथिल करने अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया। इस आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 40 और 50 प्रतिशत न्यूनतम अंक के प्रावधान को शिथिल करते हुए 10 परसेंटाइल किया गया था। इस आधार पर पुनः आवेदन के बाद प्रवेश का काम पूरा किया गया और निजी नर्सिंग कालेजों की करीब 1800 सीटों पर एडमिशन हो गया। इतने स्टूडेंट मिलने के बाद निजी नर्सिंग कालेज प्रबंधनों ने राहत की सांस ली। प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद कालेजों में इस बार लगभग 2347 सीटें खाली रह गई हैं। निजी कालेज एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों का तर्क है कि अगर नियम को प्रवेश परीक्षा में शामिल किए जाने के आधार पर तय किया जाता, तो पूरी सीटों में प्रवेश हो जाता।

### माघ मेला पर दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का प्रयाग स्टेशन में ठहराव



**रायपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेला 2026 में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं एवं रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का अस्थायी ठहराव उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के प्रयाग स्टेशन में 2 मिनट के लिए दिया जा गया है। 1 जनवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस प्रयाग स्टेशन में ठहराव के साथ चल रही है। यह गाड़ी प्रयाग स्टेशन 11:18 बजे पहुंचेगी तथा 11:20 बजे रवाना होगी।


**MUNICIPAL CORPORATION BHILAI**

E-Procurement Tender Notice, Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

J.P./N.P.N./309/376 — Bhilai/Dated : 01.01.2026

Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "F" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on Go CG e-Procurement System portal.

| Sr. No | Tender No | Name of work | Probable amount of contract | Earnest money | completion period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक | Call |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 182756 | • Providing, laying, jointing, interconnection, testing &commissioning of Clear water pumping main including12 months trial run (DI K9 pipe Diameter - 300mm to 600mm of Total Length 2900m) • Design, Construction, water tightness Testing, Commissioning of 01 No. of Overhead Service Reservoirs of Capacity 1000 KL staging height 25 m including 12 months trial run. • Design & Construction of allied civil works such as Compound wall including Steel Main gates, Guard Roorns complete under BHILAI Municipal Corporation. • Dismantling 2 Nos Existing ESR of capacity 400 KL & Staging height 15 m | 641.04 lacs | 3.21 lacs | 12 month | 31/12/25 | 22/01/26 | First call |

Note- For other details visit Gov e-Procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in 2 Corrigendum Amendment if any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document.3. For more details please download NIT details.

Executive Engineer



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**

(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ACE (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmkc@cspc.co.in

**TENDER NOTICE NO.-3184/25**

Bids are invited by the undersigned from Experienced Firms/Contractor for the work as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East): -

| S. N. | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Qty | Last Date/Time of submission of bid. | E.M.D. (Rs) | Tender Cost (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 16-06/ DSPM TPS/ S&P/EE-IV/Store/ T-3265/25 | 8100048568 | Work contract for day to day material handling & housekeeping in stores of DSPM TPS Korba East | As per schedule | 15.01.2026 up to 15:30 Hrs | 10,045/- | 590/- (including GST@18%) |

NOTES:-For More detail, please visit our website at: -https://www.cspc.co.in. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

SUPRINTENDING ENGINEER (Contract)
DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST



**कार्यालय नगर पालिका परिषद सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

क्रमांक /558/लो.नि.वि./ 2025 — सक्ती, दिनांक 31/12/25

ई-मेल: cmosakti@gmail.com

// ई-निविदा सूचना//

एतद् द्वारा लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद सक्ती के द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 556 दिनांक 31.12.2025 सिस्टम टेंडर क्रमांक 182732 के द्वारा Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Sakti, Chhattisgarh कार्य लागत राशि 75.09 लाख के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के सभी नियम व शर्ते (https:// eproc.cgstate.gov.in) पर देखी जा सकती है

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सक्ती



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-10/PUBLICATION/6026 — Korba West, dtd. 31-12-2025

(e-Bidding) TENDER NOTICE No. 1384/2025.

Online tenders are invited from experienced & prospective Firms for the following Works/Supply :

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100048552 | Repairing of damaged carrying Rollers (H-I,as per drawing No. 192 by replacing all necessary components) of CHP: EXT., HTPS, Korba West. | 590/- | 10,780/- | 22.01.2026 |
| 2. | Rfx No. 8100048572 | Supply of Various Types of HT/ LT Insulation Tape for HTPS, Korba West. | 590/- | 5,630/- | 21.01.2026 |
| 3. | Rfx No. 8100048590 | Round the Year Maint. Work of Boiler Auxiliaries i.e. Fan, ESP, Air Heater and Duct & Damage of 2x210 MW, BHEL Boiler of Unit No. 1 & 2, HTPS, Korba West. | 590/- | 7,656/- | 22.01.2026 |

NOTE: - 1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in– e-Bidding.2. Quantity as per tender schedule.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

SUPERINTENDING ENGINEER (C)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)
HTPS, CSPGCL, KORBA WEST



**कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

Email Id: birgaonmcp@gmail.com
http://www.nagarnigambirgaon.com

क्रं. / 4299/न.पा.नि./ लो.नि. शाखा/2025 — बीरगांव, दिनांक 02/01/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

e-Procurement Tender Notice (2nd Call)

(System Tender 183021, Bid Start Date 03.01.2026, Bid Due date. 19.01.2026)

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा अधोसंरचना मद विकास योजनान्तर्गत बंधवा तालाब से नाला तक रोड चाड़ीकरण एवं नाला निर्माण कार्य के लिए System Tender No 183021 अनुसार लोक निर्माण विभाग के [Following work as per schedule of rates for Road works issued by Engineer-In-Chief PWD Raipur in force from 01.01.2025 And Building S.O.R. in force from 01.01.2015, amendments applicable upto date of issue of NIT.] से प्रचलित एस.ओ.आर. में प्रतिशत दर पर (System Tender 183021, Bid Start Date 03.01.2026, Bid Due date. 19.01.2026, Physical Submission Last Date 22.01.2026, Open Date 23.01.2026) तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्ते, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/ प्राप्त कर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगरपालिका परिषद अकलतरा, जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.**

E-mail ID: cmoakaltara@rediffmail.com

क्रमांक ..12.../स्था./न.पा.प./ 2025 — अकलतरा, दिनांक 02/01/2025

।। ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा सूचना ।। (1st CALL) UADD Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

नगरपालिका परिषद अकलतरा क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम क्र | कार्य का नाम | प्रा.राशि (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | डिमाण्ड ड्राफ्ट |
|---|---|---|---|---|
| 182771 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Akaltara, Chhattisgarh | 64.88 Lakhs | 0.49 Lakhs | 10000.00 |

निविदा की विस्तृत जानकारी छ.ग. शासन की E-procurement पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद अकलतरा
जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)



**कार्यालय नगरपालिका परिषद् चांपा, जिला जॉजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**प्रथम निविदा सूचना**

क्रमांक/ 2781 / लो.नि.वि./ न.पा./ 2025-26 — चांपा दिनांक 01.01.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत अधोसंरचना मद से सिविल कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो / निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं से मैनुअल निविदा लोक निर्माण विभाग के दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित भवन एस.ओ.आर., सडक एसओआर 01.01.2025 एवं पी.एच.ई. एस.ओ.आर 01.06.2020 पर कार्य हेतु दर अनुसूची पर प्रपत्र "अ" में आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15.01.2026 सांयकाल 2:00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र हेतु रसीद कटने एवं प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 16.01.2026 सांयकाल 5:00 बजे तक।
3. निविदा स्पीड पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.01.2026 सांयकाल 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि दिनांक 22.01.2026 सांयकाल 3:30 बजे से।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | समयावधि (कार्यादेश से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न. 08 में राजकिरण दुग्गड उद्यान से रानी रोड तक पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 8.73 | 6500.00 | 750.00 | "अ" | 03 माह |
| 2 | वार्ड नं. 10 मे कृष्णा देवांगन गली मे बेरियर चौक से सूर्यश मोबाईल तक डामरीकरणकार्य। | 8.36 | 6300.00 | 750.00 | "अ" | 03 माह |
| 3 | वार्ड नं. 13 में गंगादास घर से घसनिन घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 2.85 | 2900.00 | 750.00 | "अ" | 02 माह |
| 4 | वार्ड नं. 13 में पी.आइ.एल. रोड से दुजेराम लहरे घर तक सी.सी. सडक एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 7.72 | 5800.00 | 750.00 | "अ" | 03 माह |
| 5 | वार्ड नं. 14 में बंशी सेवायक घर से पवन प्रताप घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 2.12 | 2100.00 | 750.00 | "अ" | 02 माह |
| 6 | वार्ड नं. 14 में शत्रुघन साहू घर से अजय साहू घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 2.64 | 2600.00 | 750.00 | "अ" | 02 माह |
| 7 | वार्ड नं. 14 मे जेठू श्रीवास घर तक एसएलआरएम सेंटर चरण नगर तक सी.सी. सडक निर्माण कार्य। | 5.59 | 5000.00 | 750.00 | "अ" | 03 माह |
| 8 | वार्ड नं. 15 मे तुलसीपाल घर से शिवनारायण पटेल घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 9.99 | 7500.00 | 750.00 | "अ" | 03 माह |
| 9 | वार्ड नं. 16 चेतन पटेल घर से लेखराम पटेल घर तक डामरीकरण कार्य। | 8.93 | 6700.00 | 750.00 | "अ" | 03 माह |
| 10 | वार्ड नं. 17 में संदीप गुप्ता घर से जगदीश ठाकुर घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 3.44 | 3400.00 | 750.00 | "अ" | 02 माह |

(1) उक्त निविदा एवं निर्माण कार्य के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन से 10 दिवस के भीतर सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। (2) पूर्ण होने वाले कार्यो से एस.डी., परफारमेंस गारंटी, आई.टी., जी.एस.टी., रायल्टी, श्रम उपकर, ई.ई. चेकिंग की राशि रोक कर उप अभियंता के मूल्यांकन उपरांत नियमानुसार भुगतान किया जावेगा। (3) निविदा से संबंधित नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् चांपा



**कार्यालय नगर पंचायत लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Email-cmolawan@gmail.com

क्रमांक/216/लो.नि.वि./नं.प./2025-26 — लवन, दिनांक 02/01/2026

// संशोधित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (चतुर्थ निविदा)//

नगर पंचायत लवन द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम क्षेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत एजेंसी / फर्म से ई-प्रोक्यरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं, जिसमें निविदा की अंतिम तिथियों में निम्नानसार संशोधन किया जाता हैं :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | ऑनलाईन निविदा की अंतिम तिथि | फिजिकल दस्तावेज प्राप्त होने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 182017 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat Lawan Under SBM 2.0 | 245.74 लाख | दिनांक 12.01.2026 समय- शाम 5.00 बजे तक | दिनांक 16.01.2026 समय- शाम 4.00 बजे तक | दिनांक 16.01.2026 समय- शाम 5.00 बजे तक |

नोटः- 1. निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज, अमानत राशि व टेंडर प्रोसेसिंग फीस ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है। 2. अन्य शर्ते व विस्तृत जानकारियां संबंधित शाखा या विभाग से ई-प्रोक्योरमेंट वेब http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय सीमा में अवश्य करें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत लवन
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)



**माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, अम्बिकापुर ग्राम-केरता**

**शक्कर विक्रय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 001 — दिनांक 02/01/2026

माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित अम्बिकापुर ग्राम केरता जिला सूरजपुर (छ.ग.) में पेराई सत्र 2025-26 में उत्पादित शक्कर, एम-30 को माह जनवरी 2026 में आबंटित घरेलु कोटा शक्कर विक्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छूक फर्मो/निविदाकारों द्वारा निविदा में भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर शक्कर ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311.00 रूपये (1000.00 रूपये एवं 311.00 रूपये चिप्स द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement http://eproc.cgstate.gov.in) से निविदा फार्म डाऊनलोड़ कर भरकर अपलोड़ कर सकते है।

| क्रं | निविदा का विवरण | प्रस्तावित मात्रा (मी.टन में) | निविदा प्रपत्र विक्रय/जमा तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पेराई सत्र 2025-26 का शक्कर विक्रय ई-निविदा | M-30, 1500 MT | दिनांक 03/01/2026 को समय शाम 05.00 बजे से दिनांक 10/01/2026 को समय दोपहर 12.00 बजे तक फार्म भर कर अपलोड़ करना अनिवार्य होगा | दिनांक 10/01/2026 को समय दोपहर 12:05 बजे के बाद |

उक्त ई-निविदा को कारखाना के प्रशासनिक कार्यालय ग्राम केरता में खोली जावेगी। ई-निविदा से सम्बंधित विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र हेतु कारखाने के Website-www.mahamayasugar.com एवं ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर देखा जा सकता है। एवं कारखाना प्रबंधन द्वारा मात्रा में कमी या वृद्धि किया जा सकता है एवं बिना कारण बताए निविदा निरस्त किया जा सकता है।

प्रबंध संचालक

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बच्चों को इस तरह ....

साथ-साथ टॉपिक को गहराई के साथ समझाया जा रहा है। केन्द्रों में बच्चों को 30-30 मिनट का समय लेकर सर्कल टाइम, संज्ञानात्मक विकास जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों के बारे में समझाया जा रहा है।

### आईपीएल में बांग्लादेशी ....

कही जा रही है। **शिवसेना (यूबीटी) ने जताया ऐतराज-** शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता आनंद दुबे ने शुक्रवार को आईपीएल के लिए केकेआर की टीम में बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को शामिल किए जाने की खबरों पर कड़ी आपत्ति जताई। दुबे ने एक बयान में कहा, "अगर शाहरुख खान यह किरदार निभाते हैं और पैसा कमाते हैं तो उस पैसे का इस्तेमाल वहां आतंकवादियों को पालने-पोसने और हमारे देश के खिलाफ साजिश रचने में किया जाएगा। हम किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होने देंगे।"

### इमाम इलियासी बोले- ....

केकेआर ने आईपीएल नीलामी में बांग्लादेशी खिलाड़ी को चुना। शाहरुख खान को देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की निंदा करते हुए एक बयान भी जारी करना चाहिए।"

### पांच माह से ....

अनुसार यह घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचा। ईडी का आरोप है कि चैतन्य बघेल इस पूरे शराब सिंडिकेट के संरक्षक थे और उन्होंने करीब 1,000 करोड़ रुपए का लेन-देन व्यक्तिगत रूप से संभाला। वहीं एसीबी का दावा है कि चैतन्य बघेल को हिस्से के तौर पर 200 से 250 करोड़ रुपए मिले और इस पूरे घोटाले की कुल रकम 3,200 करोड़ रुपए से ज्यादा हो सकती है। **यह है छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला-** गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। एसीबी में भी मामला दर्ज है। एफआईआर में 3200 करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। इस घोटाले में राजनेता, आबकारी विभाग के अधिकारी, कारोबारी सहित कई लोगों के खिलाफ नाम दर्ज हैं। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

### अपराध सिर्फ यही कि ....

गिरफ्तारी तक एक भी समंस चैतन्य बघेल को नहीं दिया गया है। मार्च 2025 में जब उनके घर में रेड की गई थी तब उनके सभी डिजिटल डिवाइस जब्त कर लिए थे। जो डॉक्यूमेंट एजेंसी ने मांगा था, उन्हें सभी डॉक्यूमेंट को चैतन्य के जरिए दिया गया है। ईडी की जांच में चैतन्य बघेल ने लगातार सपोर्ट किया है, जांच में भी शामिल हुए हैं लेकिन एक बार भी उनका बयान नहीं लिया गया। सीधे उनकी गिरफ्तारी की गई है। उनका अपराध सिर्फ यही है कि वह पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे हैं।

### घोटाले का पैसा ....

चैतन्य बघेल तक पहुंचाया जाता था। लिकर स्कैम का पैसा अनवर ढेबर के जरिए दीपेंद्र चावड़ा फिर वह पैसा केके श्रीवास्तव और कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल और उसके बाद चैतन्य बघेल के पास यह पैसा पहुंचता था। ईडी की ओर से कहा गया कि शराब घोटाले में जिन लोगों की भूमिका है उनका आपस में कनेक्शन है। साथ ही अनवर ढेबर से मोबाइल चैट और रिकॉर्डिंग मिली है।

### 'मेला रेल सेवा ऐप' देगा ...

भी बढ़ाया गया है, ताकि श्रद्धालु आसानी से चढ़-उतर सकें। रेलवे ने माघ मेला 2026 के लिए श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक नया डिजिटल पोर्टल 'मेला रेल सेवा' शुरू किया है। जो एक ही जगह पर ट्रेन की जानकारी, यात्री सुविधाएं, मेडिकल मदद और स्टेशन गाइड जैसी सभी जरूरी सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इससे लाखों श्रद्धालु जो संगम स्नान के लिए प्रयागराज आ रहे हैं, उन्हें आसानी होगी।

गुम सामान ढूंढेगा खोया-पाया केंद्र

अगर मेला की भीड़ में आपका कोई सामान छूट जाता है, तो ऐप का समर्पित सेक्शन उसे ट्रैक करने में मदद करेगा। रेलवे की ओर से मिली आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, इस पोर्टल से यात्रियों को भीड़भाड़ वाली जगहों पर लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सभी जरूरी जानकारियां मोबाइल या कंप्यूटर से मिल जाएंगी।

गूगल प्ले स्टोर से कर सकते हैं डाउनलोड

रेलवे का यह मोबाइल ऐप एंड्रॉयड फोन के गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। श्रद्धालु गूगल प्ले स्टोर में जाकर 'मेला रेल सेवा' सर्च करके इसे अपने मोबाइल में डाउनलोड कर सकते हैं। यात्रियों से अपील है कि वे यात्रा से पहले इस पोर्टल या रेल मदद ऐप से अपनी ट्रेन की जानकारी जरूर चेक करें। हेल्पलाइन नंबर 139 पर भी मदद ली जा सकती है।

### स्टेट कैपिटल रीजन ...

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार बोर्ड में मुख्यमंत्री अध्यक्ष और चार मंत्री सदस्य के रूप में शामिल हो सकते हैं। राज्य सरकार के वित्त विभाग ने करीब डेढ़ माह पहले प्रस्तावित सेटअप को मंजूरी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लेकर चतुर्थ श्रेणी तक 210 पदों को स्वीकृति दे दी थी। बताया गया है कि इस प्रस्तावित सेटअप को 31 दिसंबर को हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिल गई है।

### 'मुकदमेबाजी निजी ...

जानकारी लेना अपने आप में क्रूरता नहीं है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने पति की अपील स्वीकार करते हुए उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया। इससे पहले तेलंगाना हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस फैसले को पलटते हुए कहा कि लगाए गए आरोप कानूनी कसौटी पर खरे नहीं उतरते।


डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital
Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्कः 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756


## गंभीर धाराओं के तहत की गई कार्रवाई, बाकी की तलाश जारी

# महिला आरक्षक के कपड़े फाड़ने और अभद्र व्यवहार करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले के तमनार क्षेत्र से एक बेहद ही शर्मनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिसने पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश को भी झकझोर कर रख दिया है। कोयला खदान के विरोध में चल रहे आंदोलन के दौरान भीड़ ने अपनी ड्यूटी निभा रही एक महिला कांस्टेबल के साथ अमानवीय और निंदनीय व्यवहार किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर दो आरोपियों को दबोचा है। जबकि बाकी की तलाश जारी है।वायरल वीडियो के अनुसार उग्र भीड़ ने महिला कांस्टेबल को दौड़ाकर खेत में गिरा दिया और उसके कपड़े फाड़ने लगे। महिला आरक्षक अपनी अस्मत बचाने के लिए एक हाथ से कपड़े संभालती रही और दूसरे हाथ से भीड़ को रोकने की कोशिश करती रही। वह लगातार रोते हुए कहती रही छोड़ दो भाई प्लीज मैं अब नहीं आऊंगी मुझे यहां भेजा गया है, लेकिन आंदोलन की आड़ में खड़े कुछ वहशी तत्वों पर उसकी मिन्नतों का कोई असर नहीं हुआ। गालियां दी जाती रही और सरेआम एक महिला पुलिसकर्मी का अपमान किया जाता रहा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होते



ही पुलिस प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि इस मामले में अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अन्य फुटेज की बारिकी से जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। एसपी ने स्पष्ट कहा कि महिला पुलिसकर्मी के साथ इस तरह का कृत्य अक्षम्य है। कानून अपना काम करेगा।


**कार्यालय नगर पंचायत कोतबा, जिला जशपुर (छ.ग.)**
E-mail id- cmonpkotba@gmall.com

क्रमांक/477/न.पं. / 2025-26 कोतबा, दिनांक 02/01/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट प्रथम निविदा सूचना**

निकाय क्षेत्रांतर्गत अद्योसंरचना मद् द्वारा विभिन्न वार्डों में बी.टी.रोड़ टॉपिंग कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | लागत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 182999 | वार्ड क्रं. 04 मेन रोड़ से बजदरहा तालाब तक एवं मेन रोड़ से जिनियस स्कूल तक बीटी टॉपिंग कार्य। | 15.99 | 22.01.2026 | 27.01.2026 |
| 2 | 182990 | वार्ड क्र. 05 एवं 10 परशुराम चौक से धरनीधर साहू घर तक एवं बस स्टैण्ड से संदीप शर्मा घर तक बीटी टॉपिंग कार्य। | 18.47 | | |
| 3 | 183000 | वार्ड क्रं. 02 मेन रोड़ से गायत्री मंदिर तक, मेन रोड़ से मुक्तीधाम तक एवं मेन रोड़ से राजकुमार घर तक बीटी टॉपिंग कार्य। | 19.72 | | |
| 4 | 182992 | वार्ड क्रं. 11 एवं 12 में मेन रोड़ से कन्या स्कूल तक एवं मेन रोड़ से शिव मंदिर तक वार्ड क्रं. 12 पीडीएस भवन से चर्च तक बीटी टॉपिंग कार्य। | 18.48 | | |
| 5 | 182994 | वार्ड क्रं. 01 मेन रोड़ से पुष्पवाटिका होते हुए पुलिया तक बीटी टॉपिंग कार्य एवं वार्ड क्रं. 08 मेन रोड़ से हनुमान मंदिर तक बीटी टॉपिंग कार्य एवं वार्ड क्रं. 07 मेन रोड़ से बीरबल घर तक एवं मेन रोड़ से विजय गुरूजी घर तक बीटी टॉपिंग कार्य। | 24.28 | | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत कोतबा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराइट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769



epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100


## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** (1) घरेलू साफ सफाई हेतु महिला (सुबह 9 से शाम 5) वेतन 7500/- महीना (2) वकील ऑफिस हेतु मुंशी एवं ऑफिस बॉय (सुबह 9 से शाम 6) वेतन 10000/- महीना (3) ड्राइवर (सुबह 9 से रात 8) वेतन 12000/- महीना। रहकर काम करने वाले को प्राथमिकता। पता- रामा वर्ल्ड, सिरगिट्टी मोड़ रायपुर रोड बिलासपुर 9340600776 **(39539)**

**आवश्यकता है-** (1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की (2) रिसेप्शन सम्भालने हेतु स्मार्ट लड़के लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें- 9329233000 **(39540)**

**आवश्यकता है-** हास्टल मे, साफ सफाई के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पी. पुरी, मित्र विहार, नारायण प्लाजा के पास, लिंक रोड, बिलासपुर 93409 69592, 7828803577 **(39534)**

**आवश्यकता है-** घर की गाड़ी गाड़ी चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। अनुभवी प्राथमिकता। ड्राइविंग लाइसेन्स, आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- नेशनल मेडिकोज बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7987972716 **(39531)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में टेलीकॉलिंग के साथ कम्प्यूटर का नॉलेज, युवतियां व महिलाओं की आफिस कार्य हेतु 5 पद, वेतन 7000 से 14000 (अनुभवी को प्राथमिकता) सम्पर्क करें- लिंक रोड बिलासपुर, फोन whatsup 93030 13748, 9302602921 Emailmaicropagrisolution7@ gmail.com **(39517)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर शहर में फास्ट फूड और चाइनीज, इंडियन कांटिनेंटल बनाने के लिए अनुभवी शेफ (chef) की आवश्यकता है असिस्टेंट के साथ। सम्पर्क करें- 8349360608, 7869102530, 7869102531 **(39533)**

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में माल छोड़ने, ट्रान्सपोर्ट में जाने हेतु लड़के चाहिए कार्य अवधि 10:30 से रात 9बजे तक वेतन 7000 से 10000 सम्पर्क- प्रीमीयर एजेन्सीज मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर **(39536)**

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 8000 सम्पर्क करें- गुप्ता अम्ब्रेला खोवा मण्डी हनुमान मन्दिर के पास गोल बाजार बिलासपुर **(39537)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में Spa और ब्यूटी पार्लर में काम करने के लिये युवती/ महिला की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी को प्राथमिकता फ्रेशर भी सम्पर्क करें- 63991 66000 **(39541)**

**आवश्यकता है-** पेमेन्ट रिकवरी, फील्ड वर्क, ऑफिस कम्प्यूटर ऑपरेटर बिज्ञी, GST अकाउन्ट, कोटेशन के अनुभवी लड़के/ लड़की रिकवरी पेमेंट वसूली हेतु लड़के चाहिए सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू, गोड़पारा बिलासपुर 9669211111, 9827175811 **(39538)**

**आवश्यकता है-** रायपुर, बलौदाबाजार, जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़ हेतु वेल्डर, कटर-फिटर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर, कम्पयूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी स्टोर कीपर, सुपरवाईजर 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री पता नेहरू नगर बिलासपुर 9285058360 **(39535)**

**आवश्यकता है-** फोर व्हीलर वर्कशॉप में लड़के/ लड़कियों, सुपर डिजायनर, सेल्समैन, प्यून चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड सहित प्रातः 10 से 12 तक सम्पर्क- बालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेज मगरपारा रोड बिलासपुर **(39528)**

**आवश्यकता है-** अनुभवी सिविल इंजीनियर (बीई सिविल) 1पद, अनुभवी साइट सुपरवाइजर 2पद (साइट पर काम करा सके) अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार पता- सत्य साईं बिल्डर फर्स्ट फ्लोर राजीव प्लाजा 9425530627 **(39529)**

**आवश्यकता है-** प्रोडक्ट देने कम्प्यूटर बिलिंग हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार इच्छुक जरुरतमंद सम्पर्क करें- शिवा इंटरप्राइजेज शॉप नं.-2, अरपा कॉम्प्लेक्स, पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9893081826, 7067124226, 6268600200 **(39515)**

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय- 06, जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 7746000016, 7746000019 **(348)**

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड सिक्युरिटी सुपरवाइजर गनमैन फिल्ड ऑफिसर कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000, आवास फ्री। पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जे.जे. हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 8085233213, 8253010291, 8889997826 **(39295)**

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में कम्प्यूटर में कार्य किये 2 लड़कों की आवश्यकता है। साथ ही पैकिंग कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्त कुमार तेलीपारा बिलासपुर **(2644)**

**आवश्यकता है-** सुबह 6बजे से शाम 7बजे तक सात्विक शाकाहारी भोजन बनाने एवं अन्य घरेलू कार्य करने हेतु युवती चाहिए। शिक्षा 12वीं पता- वी-18, रामा लाइफ सिटी सकरी बिलासपुर 9893081826, 7067124226, 6268600200 **(39516)**

**आवश्यकता है-** फ्लैक्स एवं फोटोकॉपी हेतु कम्प्यूटर आपरेटर (हिन्दी टाइपिंग अनिवार्य) एवं कलेक्शन के लिए लड़के की आवश्यकता है। अनुभवी ही सम्पर्क करें- गगन फ्लैक्स 27खोली चौक बिलासपुर 9425535104, 9039968650 **(39522)**

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेण्ड नर्स, कम्पाउंडर एवं अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 9981970853 **(39514)**

**आवश्यकता है-** दवाई दुकान में काम करने हेतु अनुभवी कर्मचारी की आवश्यकता है। संपर्क करें, गोयल मेडिकल स्टोर, CIMS गेट के सामने, बिलासपुर 9303112340, 9300674797 (दोपहर 12 से शाम 5 बजे के बीच ही काल करें) **(39520)**

**आवश्यकता है-** फर्नीचर शोरूम में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, बढ़ई (कारपेंटर) एवं कार ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- दोपहर 12बजे से 2बजे तक 9300612345, 97531111171 **(39518)**

**आवश्यकता है-** रायपुर स्थित प्रतिष्ठित अग्रवाल फैमिली हेतु 12घंटे एवं 24घंटे कार्य हेतु अनुभवी, विश्वसनीय एवं जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता अनुभव 5वर्ष योग्यता न्यूनतम 10वीं पास वेतन 25000 प्रतिमाह सुविधाएं रहने और खाने की व्यवस्था निःशुल्क स्थान सिविल लाइन्स रायपुर केवल अनुभवी और जिम्मेदार सपर्क करें- 9109125252, 9109972720 **(445)**

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग केनोपी बैठने हेतु 10 युवकों की (सैलरी+ कमीशन) एवं छोटा हाथी (प्रचार वाहन) चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर एवं ऑफिस स्टॉफ के लिये मैनेजर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9993243498 **(39519)**

**आवश्यकता है-** OMMI कम्पनी को तत्काल 45 लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है आय 8500 से 22000 रहना फ्री परमानेन्ट जॉब सम्पर्क करें- उस्लापुर ओवर ब्रिज के पास बिलासपुर 8003402269, 6393559091 **(1484)**

**आवश्यकता है-** एजेंसी में कार्य हेतु इच्छुक गार्ड, (योग्यता 10वीं, 12वी पास) अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन 9500-10000/-, कार्य स्थल- बिलासपुर 2पहिया तथा 4पहिया वाले, (समय 11-7 तक) A/4 Associates, अशोक नगर चौक 9425534940, 9981630084 **(451)**

**आवश्यकता है-** राधा कृष्ण सेवा संस्थान में, रायपुर एवं बिलासपुर के लिए कार्यालय इंचार्ज, विकास अधिकारी, सेल्स ऑफिसर चाहिए, शासकीय सेवा मुक्त को प्राथमिकता सिविल ग्रेजुएशन, ग्रेजुएट भी संपर्क कर सकते हैं मो. 8109100493. (प्रबंधक आर.के.एस.एस) **(6521)**

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** टेली कॉलिंग हेतु युवतियों व महिलाओं की आवश्यकता है, योग्यता आठवीं, दसवीं से ग्रेजुएशन, वेतन 5000/- +कमीशन, संपर्क करें:- विनोबा नगर बिलासपुर 9039234207 **(448)**

**आवश्यकता है-** मेडिकल स्टोर में कार्य करने के लिए लड़को की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- जानकी मेडिकल भाजपा कार्यालय के पास करबला रोड बिलासपुर 9098685395 **(39524)**

## बेचना है

**बेचना है-** सकरी में TnC अप्रूव्ड कॉलोनी 80% बैंक फाइनेंस मात्र 1290 रुपये Sqft में लेने के लिए संपर्क करेः- 9770468361, 8770413397, 8104963081 site visit free from office **(450)**

**बेचना है-** 3/2/ 1BHK Luxury फ्लैट उपलब्ध है सुविधाएं Temple, Swimming Pool Sitting, kids play Area, Gym, yoga Garden, Club House, Jogging Track, Amphitheater हाईकोर्ट के सामने रायपुर रोड, बिलासपुर सम्पर्क- 9827157523 **(39525)**

**बेचना है-** दोमुहानी वार्ड नम्बर 43 बिलासपुर मे डायवर्टेड प्लाट 50×45= 2250 वर्गफुट चारो तरफ से वाउंड्रीवाल से घिरा बेचना है फिक्स रेट 760 रूपए प्रति वर्गफुट खरीददार ही सम्पर्क करें- 9827150471 **(39532)**

**बेचना है-** हार्मोनियम न्यू 13 स्केल चेंजर 4 लाइन ओरिजनल जर्मनी उच्च गुणवत्ता रीड से बना, कलकत्ता फोल्डिंग हारमोनियम बेचना है सम्पर्क करें- 9981492262, 8109445503 **(39521)**

**बेचना है**
बिलासपुर में मोपका चिल्हाटी मेन रोड पर 1587 वर्गफुट जमीन पर नीचे हॉल, दो टायलेट एवं ऊपर हॉल, एक टायलेट बना कामर्शियल टीएनसी एप्रूव्ड बैंक एटीएम, कोचिंग संस्थान, सुपर मार्केट एवं होलसेल बिजनेस हेतु उपयुक्त
सम्पर्क करें लक्ष्मी नारायण गुप्ता 9827404638 9039104638

## शैक्षणिक

**प्रवेश प्रारंभ-** फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515 **(4129)**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
लिंग में टेढ़ापन
वीर्य में शुक्राणु की कमी
बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
पेशाब में धातु जाना
शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899



## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे स्क्वाड में एंट्री के लिए पंत और सिराज पर होगी नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए शनिवार को जब चयनकर्ता 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे तो ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ सप्ताह पहले हुई श्रृंखला में जीत दर्ज करने वाली टीम में हालांकि कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति दो मुद्दों पर ध्यान दे सकती है।

पहला मुद्दा पंत की दूसरे विकेटकीपर के रूप में स्थिति हो सकती है, क्योंकि ईशान किशन झारखंड के लिए मध्य क्रम में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और ध्रुव जुरेल ने भी घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा शतक जड़ा है। अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहचान टीम संयोजन के आधार पर खिलाड़ियों के चयन की है।

### मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत

टीम संयोजन के कारण ही उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संजू सैमसन और किशन जैसे सलामी बल्लेबाजों को चुना है। वनडे प्रारुप में टीम को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत है। ऐसा विकेटकीपर, जो पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने में सहज हो। पंत ने गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से जुलाई 2024 से दिसंबर 2025 के बीच सिर्फ एक वनडे मैच खेला है। पिछले आठ वर्षों में केवल 31 वनडे मैच खेलना और 35 से कम का औसत होना इस जुझारु खिलाड़ी की क्षमता का सही प्रतिबिंब नहीं है। इसमें कोई शक नहीं कि प्रभाव के मामले में पंत किशन और जुरेल से कही बेहतर हैं।



### पांड्या-बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना

टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता अन्य दो तेज गेंदबाजों (हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह) को भी आराम देते हैं। दोनों ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई श्रृंखला में हिस्सा लिया था। सिराज को परिस्थितियों के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया था। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विदेशी श्रृंखला में टीम का हिस्सा थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया।



### पडिक्कल को मौका मिलना मुश्किल

विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से दो मुख्य दावेदार सरफराज खान (नंबर चार पर बल्लेबाजी) और देवदत्त पडिक्कल (सलामी बल्लेबाज) हैं। शुभमन गिल, रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की टीम में जगह पक्की होने के कारण पडिक्कल को मौका देना मुश्किल होगा। सरफराज खान ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक लगाकर रुतुराज गायकवाड़ पहले ही दावेदारों में उनसे आगे निकल चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### महिला हॉकी टीम में कोच मारिन की वापसी

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड के सोर्ड मारिन को फिर से भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह दूसरी बार यह पद संभालेंगे। इससे पहले उनके कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम तोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रही थी। मारिन को हरेंद्र सिंह की जगह मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। हरेंद्र को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और 'कोचिंग में मनमानीपूर्ण रवैया अपनाने'' के आरोपों के कारण इस्तीफा देना पड़ा था। नीदरलैंड के पूर्व हॉकी खिलाड़ी 51 वर्षीय मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय महिला टीम से जुड़े रहे। इसके पांच साल बाद फिर से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी टीम में मटियास विला भी शामिल होंगे, जिन्हें विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है।

### सातवीं बार डकार रैली में लेंगे हिस्सा हरिथ नोआ



**यानबू ।** भारत के अग्रणी रैली रेड राइडर हरिथ नोआ शनिवार से शुरू होने वाली विश्व की सबसे मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता डकार रैली में लगातार सातवीं बार हिस्सा लेंगे। केरल का यह 32 वर्षीय राइडर तीन से 17 जनवरी तक होने वाली डकार रैली में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता छठी बार सऊदी अरब में आयोजित की जा रही है। डकार रैली में राइडर इस बार लगभग 8 हजार किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसमें लगभग 4,800 किलोमीटर में राइडर रेत के टीलों, पथरीले इलाकों और दुर्गम पठारों से होकर गुजरेंगे। इस दौरान केवल एक बार 10 जनवरी को राइडर को विश्राम करने का मौका मिलेगा। 5 बार के भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैंपियन नोआ ने 2020 में डकार रैली में पदार्पण किया था। तब यह रैली पहली बार सऊदी अरब में आयोजित की गई थी।

### वनडे 1, 3 और 6 और टी-20 9, 12 और 13 सितंबर को खेलें जाएंगे

# टीम इंडिया करेगी बांग्लादेश का दौरा खेली जाएगी वनडे और टी20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने घोषणा की कि वह इस साल सितंबर में भारत की मेजबानी करेगा, जिसमें दोनों टीम के बीच तीन मैच की वनडे और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी।

हालांकि मौजूदा हालात में बांग्लादेश में स्थिर सरकार नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई इस दौरे के लिए सहमति देगा या नहीं। बीसीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार वनडे मुकाबले एक, तीन और छह सितंबर को खेले जाएंगे जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 9, 12 और 13 सितंबर को होंगे। भारतीय टीम सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी।

### बांग्लादेश के घरेलू शेड्यूल का हिस्सा

खबर के अनुसार बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशंस के इंचार्ज शहरयार नफीस ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच, जो सीरीज पहले टाल दी गई थी, उसे रीशेड्यूल कर दिया गया है। भारत सीरीज 2026 के लिए बांग्लादेश के घरेलू शेड्यूल का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान, न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में द्विपक्षीय मुकाबले शामिल हैं।



### ये टीमें करेगी बांग्लादेश का दौरा

न्यूजीलैंड अप्रैल-मई में बांग्लादेश का दौरा करेगा, जिसमें तीन वनडे मैच 17 अप्रैल से शुरू होंगे, इसके बाद 27 अप्रैल से 2 मई तक तीन टी20 मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया जून में व्हाइट-बॉल दौरे के लिए आएगा, जिसकी शुरुआत 5 जून से तीन वनडे मैचों की सीरीज से होगी, इसके बाद 15 से 20 जून के बीच तीन टी20 मैच होंगे। बांग्लादेश अक्टूबर-नवंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के साथ अपने घरेलू कैलेंडर को खत्म करेगा। टेस्ट से पहले 22-24 अक्टूबर को तीन दिवसीय वार्म-अप मैच खेला जाएगा, जिसमें टेस्ट 28 अक्टूबर-एक नवंबर और 5-9 नवंबर को होने हैं।

### टी20 वर्ल्ड कप के बाद घरेलू सीजन शुरू

बीसीबी ने एक बयान में कहा कि कन्फर्म शेड्यूल बांग्लादेश में इंटरनेशनल क्रिकेट से भरे सीजन को पक्का करता है, जिससे देश भर के समर्थकों को घर पर टॉप-लेवल क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा, जबकि मैच वेन्यू की डिटेल्स सही समय पर बताई जाएंगी। बांग्लादेश का घरेलू सीजन मार्च में पुरुषों के टी20 वर्ल्ड कप के बाद शुरू होगा, जिसमें पाकिस्तान 12 से 16 मार्च तक तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए दौरा करेगा। पाकिस्तान मई में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के हिस्से के तौर पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए वापस आएगा, जो 8-12 मई और 16-20 मई को होने वाली है।

### जुलाई 2025 में रद्द कर दिया गया था दौरा

भारत का पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश का दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था और छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को एक साल से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले जुलाई जारी अपने बयान में कहा था, 'बीसीबी और बीसीसीआई ने आपसी सहमति से अगस्त 2025 में प्रस्तावित बांग्लादेश और भारत के बीच तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को सितंबर 2026 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है।' बयान में आगे कहा गया, 'यह फैसला दोनों बोर्ड के बीच चर्चा के बाद लिया गया है, जिसमें दोनों टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और कार्यक्रम की सुविधा को ध्यान में रखा गया है।' बीसीसीआई ने कहा, ''बीसीबी सितंबर 2026 में इस श्रृंखला के लिए भारत का स्वागत करना चाहता है। दौरे की संशोधित तारीख और कार्यक्रम की घोषणा समय आने पर की जाएगी।

### लास्ट मैच सिडनी में

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा




एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने घोषणा की है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ रविवार से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। ख्वाजा ने कहा कि उन्हें लगता था कि उनके पाकिस्तानी और मुस्लिम पृष्ठभूमि के कारण उनके साथ 'अभी भी थोड़ा अलग व्यवहार किया जाता है।'

### नस्लीय रुढ़िवादिता से पूरी जिंदगी जूझा

ख्वाजा ने कहा, 'मेरे साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वो अलग था, घटनाएं भी अलग थीं। मुझे पीठ में दर्द होता है, जो मेरे बस में नहीं है लेकिन मीडिया और पूर्व खिलाड़ी मुझ पर टूट पड़ते हैं। मुझे लगभग पांच दिनों तक आलोचना का सामना करना पड़ा।' उन्होंने कहा, 'मुझे लेकर कई तरह की नस्लीय रुढ़िवादिता सामने आई, जैसे कि मैं आलसी हूं, पाकिस्तानी, वेस्टइंडीज के, अश्वेत खिलाड़ी...हम स्वार्थी हैं, हम सिर्फ अपनी परवाह करते हैं, हमें टीम की परवाह नहीं है, हम कड़ी मेहनत नहीं करते। ये वो बातें थीं, जिनसे मैं अपनी पूरी जिंदगी जूझता रहा हूं।' ख्वाजा ने कहा, 'मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकता हूं जब खिलाड़ी गोल्फ खेल कर चोटिल हो गए लेकिन आप लोगों ने उनके बारे में कुछ नहीं कहा। मैं आपको ऐसे भी उदाहरण दे सकता हूं जब खिलाड़ियों ने मैच से पहले की रात को खूब बियर पी और वे अस्वस्थ हो गए लेकिन उनके बारे में भी कुछ नहीं कहा गया लेकिन जब मैं चोटिल हुआ तो मेरी प्रतिबद्धता और एक व्यक्ति के रूप में मेरी छवि पर सवाल उठा दिए गए।' ख्वाजा ने कहा कि उन्हें पता था कि उनके करियर का अंत निकट है।

## मैनचेस्टर सिटी - लिवरपूल का मैच ड्रॉ, आर्सेनल को बढ़त

एजेंसी ▶▶| लंदन




एर्लिंग हालैंड की मौजूदगी के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को सुंदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच गोलरहित ड्रॉ खेला, जिससे आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। लिवरपूल भी लीड्स के खिलाफ गोल करने में नाकाम रहा और उसे एनफील्ड में गोलरहित ड्रॉ खेलने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के अब 19 मैच में 45 अंक हैं जबकि मैनचेस्टर सिटी इतने ही मैच में 41 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के अब 33 अंक हो गए हैं और वह पहले की तरह चौथे स्थान पर है। एस्टन विला 39 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

## नीरज और सचिन एआईयू के परीक्षण पूल में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और सचिन यादव को इस साल के पहले तीन महीने के लिए विश्व एथलेटिक्स की डोपिंगरोधी निगरानी संस्था एथलीट्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस सूची में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं, लेकिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने वाले यादव को पहली बार इसमें जगह मिली है। एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता यादव ने विश्व चैंपियनशिप में चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था, जो फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण आठवें स्थान पर रहे थे। यादव ने 86.27 मीटर भाला फेंककर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए न केवल चोपड़ा को, बल्कि पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी पीछे छोड़ा था। नदीम 10वें स्थान पर रहे थे। उत्तर प्रदेश के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को भाला फेंक का अगला स्टार माना जा रहा है।



### एसए20

## अंक तालिका में टॉप पर सुपर किंग्स डीएसजे को सुपर ओवर में हराया

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

डोनोवन फेरेरा (नाबाद 33) और रिचर्ड ग्लीसन (41 रन देकर तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की मदद से जोबर्ग सुपर किंग्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक रोमांचक मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स को सुपर ओवर में हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 205 रन बनाए। सुपर जायंट्स ने आठ विकेट पर 205 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर जायंट्स की पारी की आखिरी गेंद पर फेरेरा ने ईथन बॉश (09) को रन आउट कर दिया, जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस तरह से एसए20 के इतिहास में पहली बार कोई मैच टाई रहा। ग्लीसन ने सुपर ओवर में केवल पांच रन दिए। इस तरह से जोबर्ग सुपर किंग्स को जीत के लिए केवल छह रन चाहिए थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 26/न.पा.नि./जोन क्र. 04/2025-26 दिनांक 02/01/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 27.01.2026 को सायं काल 5:30 बजे तक ऑनलाईन( Online ) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा क्रमांक/ सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 182706 | जोन क्र. 04 क्षेत्रान्तर्गत दीनदयाल गार्ड में विभिन्न कार्य। | 19.98 | 14990/- | 750/- |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 05.01.2026 को सायं 5.31 बजे से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र. 04
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City

### 18 जनवरी से शुरू होगा वर्ष के पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन से वापसी करेंगी वीनस, मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स पांच साल में पहली बार इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेगी और इस तरह से इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी।

उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने घोषणा की कि 45 वर्षीय वीनस उस मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार है, जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी लिंडसे डेवनपोर्ट से हार गई थीं।

### मेलबर्न पार्क में 28 साल पहले पहली बार लिया था हिस्सा




### 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लिया था हिस्सा

वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से दो सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी, जहां उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों के अनुसार वीनस ने होबार्ट में होने वाले एक अन्य टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भी पंजीकरण कराया है। वीनस ने इससे पहले आखिरी बार 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था। वह यहां दो बार महिला एकल में उपविजेता रह चुकी हैं। वह 2003 और 2017 में फाइनल में सेरेना से हार गई थीं।

### टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

वीनस ने कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। वहां मेरी कई अविश्वसनीय यादें जुड़ी हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैं फिर से उस जगह लौट रही हूं, जिसका मेरे करियर में बहुत महत्व रहा है।' इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेकर वीनस इस टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। वह जापान की किमिको दाते के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी, जो 2015 में मेलबर्न पार्क में पहले दौर में हारने के समय 44 वर्ष की थीं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विद्युत कार्य हेतु निविदा सूचना**

**निविदा संख्या क्र.: 24-सीईई-सी-एसईसीआर-2025, दिनांक 23.12.2025.** **कार्य का नामः** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मण्डल के सरगबुंदिया से मड़वारानी रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण के संबंध में एईसी और बीईसी के साथ 2x25 केवी एसी ओएचई प्रणाली द्वारा सरगबुंदिया से मड़वारानी (लगभग 13 टीकेएम) के बीच तीसरी और चौथी लाइन का विद्युतीकरण कार्य। **निविदा मूल्यः** ₹ 9,11,63,950.14 (₹ नौ करोड़ ग्यारह लाख तिरसठ हजार नौ सौ पचास और चौदह पैसे मात्र)। **बयाना राशिः** ₹ 6,05,800/-. (₹ छह लाख पांच हजार आठ हजार मात्र)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समयः 16.01.2026** को **15.30** बजे। **निविदा खुलने की तिथि व समयः 16.01.2026** को **15.45** बजे। **कार्य पूर्णता की अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 12 (बारह) माह।

**वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थानः** उपर दिए गए कार्य के लिए विस्तृत जानकारी/ ई-निविदा दस्तावेज पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा कागजात, जो हमारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, उसे डाउनलोड कर/ देख सकते है।

*उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)/*
*सीपीआर/10/567 बीएसपी/बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**स्टोर्स आइटम्स की आपूर्ति हेतु निविदा सूचना**

**ई- निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/14/25/57, दिनांक 30.12.2025.**

| क्र. सं. | टेन्डर संख्या | विवरण | निविदा बंद/ खुलने की तिथि | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03251437B | एयर ब्रेक होज कपलिंग कम्पलीट फॉर ब्रेक पाइप टू आरडीएसओ डीआरजी नं. एसके-73547, आईटम नं. 1 टू 7, अल्ट 14, एसपीईसीएन नं. 02-एबरआर-02 अपेंडीक्स-एफ विथ अमेंड | 16.01.2026 | 30,529 नग |
| 2. | 03252008A | मोडीफाईड डोर मेडिएटर अरेंजमेंट फॉर बॉक्सएन वैगन | 19.01.2026 | 5069 नग |
| 3. | 08251026 | इनहीबीटेड मिनरल इनसल्टींग ऑयल | 19.01.2026 | 84720 लीटर |
| 4. | 06255090 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमिशनिंग ऑफ ईओटी क्रेन केपासिटि 03 टन | 28.01.2026 | 2 नग |

**निविदा खुलने/बंद होने का समयः- 10.30 बजे**

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर **www.ireps.gov.in** पर देख सकते है।

*सीपीआर/10/577* *कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail




# अंतरिक्ष का सबसे खतरनाक ज्वालामुखी अब उगल रहा पानी

**वॉशिंगटन।** ओलिंपस मॉन्स मंगल ग्रह के पश्चिमी हिस्से में भूमध्य रेखा के पास है। यह थारसिस नाम के एक बड़े ज्वालामुखी इलाके में आता है। यह ज्वालामुखी धरती के किसी भी पहाड़ से कहीं ज्यादा ऊंचा और चौड़ा है। इसकी ऊंचाई करीब 26 किलोमीटर तक जाती है। इसका फैलाव 600 किलोमीटर से भी ज्यादा है। इतना बड़ा होने के बावजूद यह ऊपर से देखने पर बहुत ज्यादा नुकीला नहीं लगता। इसके चारों तरफ कई किलोमीटर ऊंची गोल दीवार जैसी संरचना है। बीच में गहरे गड्ढों से भरा बड़ा सा गड्ढा मौजूद है जिसे कैल्डेरा कहा जाता है।

### चोटी पर मिला पानी का फ्रॉस्ट

2024 में वैज्ञानिकों ने ओलिंपस मॉन्स की चोटी के पास पानी की बर्फ के हल्के संकेत देखे। यह बर्फ मौसम के साथ आती-जाती रहती है। मात्रा बहुत ज्यादा नहीं है लेकिन फिर भी यह करीब 60 ओलंपिक स्विमिंग पूल जितने पानी के बराबर मानी जा रही है। आग उगलने वाले ज्वालामुखी की चोटी पर पानी का होना वैज्ञानिकों के लिए हैरानी की बात है।



### पहले कैसे दिखता था ओलिंपस मॉन्स

अंतरिक्ष यान पहुंचने से पहले धरती से टेलीस्कोप के जरिए मंगल पर एक चमकीला सा धब्बा दिखता था। वैज्ञानिकों ने उसे निक्स ओलंपिका या ओलिंपिक स्नो नाम दिया था। उन्हें लगता था कि यह कोई बर्फीली जगह है। 1971 में नासा के मेरिनर-9 यान ने साफ कर दिया कि यह बर्फ नहीं, बल्कि एक बहुत बड़ा ज्वालामुखी है। दुनिया को मंगल के इस विशाल पहाड़ का असली आकार समझ में आया।

### बिना टेक्टोनिक प्लेट्स के कैसे बढ़ा

धरती पर ज्वालामुखी प्लेटों की हलचल से बनते हैं। प्लेटें खिसकती रहती हैं इसलिए ज्वालामुखी ज्यादा देर एक जगह सक्रिय नहीं रहते। मंगल पर प्लेटें नहीं खिसकतीं हैं। ओलिंपस मॉन्स एक ही जगह पर लंबे समय तक लावे का स्रोत बना रहा था। लाखों साल तक बार-बार लावा निकलता रहा और पहाड़ बढ़ता ही चला गया था।

### क्या यह ज्वालामुखी पूरी तरह मर चुका है

आज ओलिंपस मॉन्स से कोई विस्फोट नहीं हो रहा है, लेकिन यह पूरी तरह बहुत पुराना भी नहीं है। कुछ लावा बहाव करीब 2.5 करोड़ साल पुराने माने जाते हैं। जो ग्रहों के हिसाब से ज्यादा पुराना समय नहीं है। मंगल का पतला वातावरण और पानी की कमी इस ज्वालामुखी को ज्यादा घिसने नहीं देती इसलिए आज भी यह लगभग उसी हालत में नजर आता है।

## रोचक खबरें



### भारत का सबसे अनोखा गांव, जहां एक-दूसरे को अनोखे तरीके से बुलाते हैं लोग

**नई दिल्ली।** दुनिया में कई शहरों और गांवों को अनोखी वजहों से जाना जाता है। भारत में भी एक ऐसा ही गांव है, जिससे उसके अनोखे अंदाज के लिए जाना जाता है। हम आपको अपनी खबर में गांव की खासियत के बारे में बताते हैं। दुनिया में कोई ऐसा नहीं होगा जिसका नाम न हो। नाम से ही लोग एक दूसरे को बुलाते हैं। माता-पिता द्वारा दिए गए नाम से ही लोगों को पहचाना जाता है, लेकिन भारत के एक गांव में लोगों को नाम से नहीं, बल्कि एक धुन से बुलाया जाता है। भारत का यह अनोखा गांव। मेघालय राज्य में स्थित है, जहां लोग एक दूसरे को सीटी बजाकर बुलाते हैं। इसकी वजह से बच्चे के पैदा होने पर उसके नाम पर एक धून तय हो जाती है और यही उनका नाम हो जाता है। अब आपके मन में सवाल खड़ा हो रहा होगा कि बिना नाम लिए किसी को कैसे बुलाया जाता होगा? किसी को बुलाने के लिए क्यों सीटी बजानी होती है। भारत में मेघालय में स्थित यह गांव बिल्कुल अलग है। खासी पहाड़ी में स्थित गांव का नाम कांगथान है। इसकी अनोखी खासियत के लिए इस गांव को व्हिसलिंग विलेज भी कहा जाता है। गांव में बच्चा पैदा होने पर उसकी मां उसे एक अलग धुन बनाकर सुनाती है। धीरे-धीरे बच्चा धुन सुनकर पहचाना जाता है कि यह उसके नाम की धुन है।

### इस रहस्यमयी जगह पर लोग आत्माओं से करते हैं बात

**न्यूयार्क।** वर्तमान समय में अगर कोई कहे कि वो आत्माओं से बात करता है, तो क्या आप इस बात पर विश्वास करेंगे। यकीनन कोई नहीं मानेगा, क्योंकि दुनिया में अंधविश्वास इतना ज्यादा बढ़ गया है कि कोई अगर सच भी कहे तो उस पर यकीन करना मुश्किल होगा, लेकिन आज हम आपको एक ऐसे शहर के बारे में बताएंगे, जहां 1-2 लोग नहीं बल्कि वहां की आधी आबादी आत्माओं से बातें करती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका का कासाडागा टाउन दुनिया के सबसे अजीबोगरीब शहरों में से एक है। इस शहर को 'साइकिक कैपिटल' के नाम से भी जाना जाता है। कहा जाता है कि यहां रहने वाले ज्यादातर लोग मनोविज्ञान के जानकार हैं और वो मरे हुए लोगों की आत्माओं से बातें करने का दावा करते हैं। इस टाउन को न्यूयॉर्क के आध्यात्मिक गुरु जॉर्ज कॉल्बी ने साल 1875 में बसाया था। पहले यहां बहुत कम लोग थे, लेकिन बाद में धीरे-धीरे यहां दूसरे शहरों से भी लोग आकर बसने लगे और वो खुद भी आध्यात्मिक गुरु बन गए। वर्तमान समय में दर्जनों आध्यात्मिक गुरु हैं, जो आत्माओं से बातें करने का दावा करते हैं। उनका कहना है कि उनके अंदर ऐसी शक्ति मौजूद है, जिससे वह माध्यम बनकर या अन्य तरीकों से परलोक गए व्यक्तियों की आत्माओं से संपर्क कर सकते हैं। कहा जाता है कि हर साल यहां हजारों लोग बुरी आत्माओं से मुक्ति पाने के लिए आते हैं।



### तीसरे विश्व युद्ध से लेकर आर्थिक संकट तक नास्त्रेदमस की डरावनी भविष्यवाणियां

**पेरिस।** भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस ने भविष्यवाणी की थी कि साल 2026 के मध्य से तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत हो सकती है। यह युद्ध आगे जाकर बेहद खतरनाक साबित होगा। धर्म और राष्ट्रवाद के नाम पर लोग एक-दूसरे की हत्या करेंगे। उन्होंने आगे अपनी भविष्यवाणी में कहा है कि समुद्री युद्ध एक बड़ी नौसेना या समुद्री घटना साल 2026 में दुनिया को हिलाकर रख सकती है। कोई बहुत बड़ा जहाज डूब सकता है या समुद्री युद्ध शुरू हो सकता है। उनका दावा था कि हो सकता है किसी देश की गलत हरकत से समुद्री तनाव अचानक बढ़ जाए और बड़े राष्ट्र आमने-सामने आ जाएं। नॉस्त्रेदमस के मुताबिक, जिस दिन जहाज समुद्र में गिरेगा, उस दिन महासागर की शक्ति से दुनिया की राजनीति में बदलाव हो जाएगा।





# आज रात धरती के बेहद करीब होगा चांद

**नई दिल्ली।** नए साल के शुरुआत में ही आपको आसमान में खास नजारा दिखने वाला है। 3 जनवरी को साल 2026 का पहला फुल मून दिखाई देगा। इसे वुल्फ मून कहा जाता है। यह लगातार चौथा सुपरमून होगा। इससे पहले अक्टूबर में हार्वेस्ट मून, नवंबर में बीवर मून और दिसंबर में कोल्ड मून सुपरमून के रूप में नजर आ चुके हैं। सुपरमून यानी आसमान में दिखने वाला चांद सामान्य से ज्यादा बड़ा और ज्यादा चमकदार दिखाई देगा। अगर मौसम साफ रहा तो यूके में लोग इस

### क्या होता है सुपरमून

चांद जब धरती के सबसे करीब होता है और उसी समय पूर्णिमा होती है। उसे सुपरमून कहा जाता है। चांद की धरती के चारों ओर



घूमने की दूरी हर समय बराबर नहीं रहती है। जब यह करीब होता है तो दूरी लगभग 3 लाख 54 हजार किलोमीटर होती है। वहीं, जब दूर होता है तो करीब 402,336 किलोमीटर होती है। इसी वजह से सुपरमून के समय चांद ज्यादा बड़ा और ज्यादा चमकदार दिखता है। आमतौर पर साल में तीन या चार सुपरमून होते हैं, लेकिन चार सुपरमून लगातार आना थोड़ा खास माना जाता है।

## 2026 में 12 नहीं,13 बार दिखेगा फुल मून!

### वुल्फ मून नाम क्यों पड़ा

पुराने समय में जब कैलेंडर नहीं होते थे, लोग मौसम और समय पहचानने के लिए चांद के नाम रखते थे। हर फुल मून का एक अलग नाम होता था। जैसे हार्वेस्ट मून, फ्लावर मून या हंटर मून आदि। जनवरी के फुल मून को वुल्फ मून कहा जाता है। माना जाता है कि सर्दियों में भेड़ियों की आवाजें ज्यादा सुनाई देती थीं, इसलिए ही यही नाम पड़ा होगा।



### कब और कहां दिखेगा चांद

वुल्फ सुपरमून शनिवार यानी 3 जनवरी को आसमान में दिखाई देगा। भारतीय समयानुसार यह 4 जनवरी रविवार की सुबह 3 बजकर 33 मिनट पर पूरी तरह गोल दिखेगा। बता दें कि चांद पूरी रात दिखेगा ,लेकिन यह सबसे खूबसूरत तब लगता है जब यह शाम के समय क्षितिज के पास उगेगा। ब्रिटेन के अलग-अलग शहरों में इसके उगने का समय दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे के बीच रहेगा।

### 2026 क्यों है खास साल

साल 2026 इसलिए भी खास है क्योंकि इस साल 12 की जगह 13 फुल मून होने वाले हैं। मई महीने में दो बार पूर्णिमा पड़ेगी जिसे ब्लू मून कहा जाता है। इसी से 'ईद का चांद होना' वाला मुहावरा जुड़ा है। इसके अलावा नवंबर और दिसंबर में भी सुपरमून देखने को यह मिलने वाले हैं।

### कैसा रहेगा मौसम

यूके में ज्यादातर तो आसमान साफ रहने की उम्मीद है। लोग वुल्फ मून देख सकेंगे। हालांकि नॉर्दर्न स्कॉटलैंड, पूर्वी इंग्लैंड और वेल्स के कुछ हिस्सों में बादल और बर्फबारी भी हो सकती है। तेज ठंडी हवा चल सकता है साथ ही शाम होते तापमान शून्य से नीचे जा सकता है।

# चीन में आलू-टमाटर की तरह बिक रही चांदी, सड़कों पर रेहड़ी लगा रहे लोग

**बीजिंग।** जहां हर रोज सोने-चांदी की चमक आम बात हो, वहीं अगर 15 किलो की एक सिल्वर स्लैब सामने आ जाए, तो भीड़ का ठहरना तो बनता है। चीन के सबसे बड़े गोल्ड-ज्वेलरी हब शुइबेई से आई ये झलक इन दिनों सोशल मीडिया पर लोगों का खूब ध्यान खींच रही है। शेन्जेन के लुओहु डिस्ट्रिक्ट में बसा शुइबेई इलाका, चीन का सबसे बड़ा गोल्ड और ज्वेलरी हब माना जाता है। यहां हर दिन टन के हिसाब से सोना और चांदी खरीदी-बेची जाती है, लेकिन हाल ही में यहां बिक रही 15 किलो वजन की एसजीई सिल्वर स्लैब ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।

## चीन के सबसे बड़े ज्वेलरी बाजार में 15 किलो की चांदी

### चीन का सबसे बड़ा गोल्ड-सिल्वर ट्रेड हब

शुइबेई इलाका, शेन्जेन के लुओहु डिस्ट्रिक्ट में स्थित है और इसे चीन का सबसे बड़ा सोना और आभूषण व्यापार केंद्र माना जाता है। देशभर के ज्वेलरी मैन्युफैक्चरर्स, होलसेल ट्रेडर्स और निवेशक यहीं से सोना-चांदी खरीदते हैं। यहां रोजाना बड़े पैमाने पर फिजिकल सिल्वर और गोल्ड की खरीद-बिक्री होती है, जिसमें भारी वजन की स्लैब्स का दिखना असामान्य नहीं, लेकिन आम लोगों के लिए ये दृश्य चौंकाने वाला जरूर होता है।



### एसजीई सिल्वर स्लैब क्या होती है?

एसजीई का मतलब है शंघाई गोल्ड एक्सचेंज चीन की आधिकारिक और रेगुलेटेड कमोडिटी एक्सचें। एसजीई सिल्वर स्लैब एक तय शुद्धता (आमतौर पर 99.9%) की चांदी होती है।

# पत्थर खाकर जिंदा रहता था ये जीव! रेगिस्तानी चट्टानों में मिली सुरंगों ने खोल दिया राज

बर्लिन। रेगिस्तान में चट्टानों के अंदर वैज्ञानिकों को सुरंगें मिली हैं। जिन्हें देखकर वे खुद हैरान रह गए हैं। ये सुरंगें इतनी छोटी हैं कि आंखों से सीधे दिखती भी नहीं। इन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये सुरंगें किसी ऐसे सूक्ष्म जीव ने बनाई होंगी, जो अब इस दुनिया में मौजूद ही नहीं है। नामीबिया, ओमान और सऊदी अरब के रेगिस्तानी इलाकों में चूना पत्थर और संगमरमर की चट्टानों के अंदर ये अजीब सुरंगें पाई गई हैं। ये सुरंगें जमीन की सतह पर नजर नहीं आतीं हैं। चट्टानों को काटने पर इनके साफ निशान दिखते हैं।




# दुनिया के वो 5 देश, जहां सोने से भरी हैं खदान

**नई दिल्ली।** इस समय दुनिया में सोने के दाम आसमान छू रहे हैं। भारत में तो लोग सोने में इन्वेस्ट करना काफी पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में वो पांच देश कौन से हैं, जहां सबसे अधिक सोने की खदानें हैं? क्या इसमें भारत भी शामिल है? अगर नहीं तो भारत में इतना सोना आखिर आता कहां से है?

### चीन

दुनिया का सबसे बड़ा गोल्ड प्रोड्यूसर है। चीन 2024 में 380 टन (कुछ रिपोर्ट्स में 370-380 एमटी) सोना निकालकर लिस्ट में टॉप पर है। शानदोंग , हेनान और भीतरी मंगोलिया जैसे प्रांतों में बड़ी-बड़ी सोने की खदानें हैं। सख्त एनवायरनमेंट रूल्स से छोटी माइंस बंद हो गई है, लेकिन बड़ी कंपनियां मर्जर से और एफिशिएंट हो गईं हैं। चीन घरेलू डिमांड (ज्वेलरी, टेक्नोलॉजी) पूरी करता है और एक्सपोर्ट भी करता है।

### रूस

सैंक्शंस के बावजूद रूस नंबर 2 पर है। रूस ने 2024 में 310-330 टन सोना निकाला, खासकर साइबेरिया की ओलंपियाड जैसी जायंट माइंस से। रूस-यूक्रेन क्राइसिस और सैंक्शंस के बाद भी स्टेट-बैक्ड कंपनियां नॉन-वेस्टर्न मार्केट्स पर फोकस कर रही है। हार्श वेदर में भी वर्टिकल इंटीग्रेशन से प्रोडक्शन स्टेबल है।



**कनाडा:** इन्वेस्टर-फ्रेंडली और ईएसजी स्टैंडर्ड्स इस देश में माइनिंग को आसान बनाती है। कनाडा ने 200 टन के करीब सोना निकाला सिर्फ ओंटारियो, क्यूबेक और ब्रिटिश कोलंबिया से। मजबूत पॉलिसी, अच्छी जियोलॉजी और एक्सप्लोरेशन से रिजर्व्स बढ़ रहे हैं। ये देश ग्लोबल एक्सपोर्ट में मजबूत है।

### ऑस्ट्रेलिया

ये देश ओपन-पिट माइंस का बादशाह है। ऑस्ट्रेलिया ने 290-300 टन सोना प्रोड्यूस किया। है। बोडिंगटन और कैडिया जैसी ओपन-पिट माइंस दुनिया की सबसे माइंस है। यूएसजीएस के मुताबिक यहां दुनिया के सबसे बड़े रिजर्व्स हैं। स्टेबल रूल्स, अच्छी इंफ्रास्ट्रक्चर और एक्सप्लोरेशन से ये टॉप 3 में बना हुआ है।

### अमेरिका

इस देश में गोल्ड माइनिंग में नेवादा का दबदबा है। अमेरिका ने 160-170 टन सोना प्रोड्यूस किया, जिसमें नेवादा का 75% हिस्सा है। अलास्का भी इसमें अहम योगदान देता है। बड़ी कंपनियां लॉन्ग-लाइफ माइंस चलाती हैं। रिफाइनिंग और एक्सपोर्ट भी बेहद मजबूत है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com